


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 92, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आज का मौसम — 26.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 44 | सूर्यास्त 18 : 02

बरेली, रविवार, 18 फरवरी 2024

घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश......13


## गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है


रामभद्राचार्य


गुलजार

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

### 34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

**अमृत विचार** : राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।


इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

### मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

### उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।










## पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

### गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी और सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शनिवार और रविवार को होने वाली इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

प्रयागराज में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि कैंट से छह को गिरफ्तार किया गया। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में चार लोगों अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा गया। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। मुरादाबाद के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से बिहार के सीतामढ़ी निवासी अवनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह ठाकुरद्वारा के अभिषेक कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। उसका साथी भी डिलारी के इगरा निवासी मनीष कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इस आधार पर दिल्ली रोड स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल से मनीष को गिरफ्तार किया गया। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी की जा रही है। पुलिस ने अविनाश, अभिषेक और मनीष को गिरफ्तार किया है।

बिजनौर के नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

- मुरादाबाद में एक सॉल्वर समेत दो अभ्यर्थी गिरफ्तार, बिजनौर से भी पकड़ा गया एक सॉल्वर

### 10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

## 'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन

फरीदाबाद/नई दिल्ली। अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन मीडिया में आई खबरों के अनुसार पैर में फ्रैक्चर के बाद उत्पन्न चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि सुहानी को सात फरवरी को एम्स में भर्ती कराया गया और 16 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। फरीदाबाद में जन्मी सुहानी, 2016 में एक पहलवान के जीवन पर बनी फिल्म 'दंगल' का प्रमुख चेहरा थीं जो अपनी दोनों बेटियों को कुश्ती में दक्ष बनाता है।



## कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

- बोले-अगर ऐसी कोई बात होगी तो पहले मीडिया को बताएंगे
- उनके पुत्र सांसद नकुलनाथ ने एक्स पर परिचय से हटाया कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को शनिवार को उस वक्त बल मिला जब उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी, तो वह इसकी जानकारी पहले मीडिया को देंगे। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका पार्टी एवं गांधी-नेहरू परिवार से कई दशक पुराना रिश्ता है। कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों के बीच उनके पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने परिचय से कांग्रेस हटा दिया। 'एक्स' पर नकुलनाथ के परिचय में अब सिर्फ इतना लिखा है कि वह छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) के सांसद हैं। राजनीति कयासों के बीच कमलनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे।

दिल्ली पहुंचने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा कि आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं, आप लोग कह रहे हैं।



### दिग्विजय ने अटकलों को बताया मीडिया की उपज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इन अटकलों को खारिज किया और इन बातों को मीडिया की उपज करार दिया। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर दिग्विजय सिंह ने जबलपुर में संवाददाताओं से कहा कि एक व्यक्ति जिसने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की और जब इंदिरा गांधी को जनता पार्टी द्वारा जेल भेजा गया तो वह नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़े थे, क्या आपको लगता है कि ऐसा व्यक्ति कभी कांग्रेस और गांधी परिवार को छोड़ेगा?

### एक नजर

#### गर्भवती से गैंगरेप के बाद आग के हवाले किया

**मुरैना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 34 वर्षीय एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसे आग लगा दी। पीड़िता अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 80 फीसदी झुलसी पीड़िता का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को अंबाह कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर चांद का पुरा गांव में हुई। पीड़िता एक महिला के साथ समझौता करने के लिए गांव गई थी।

#### गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार को हुई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि घायल हेड कांस्टेबल सोम दत्त (45) हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सुगनू गांव में गोली लगने से दत्त घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### कबाड़ माफिया रवि काना की पत्नी को जेल भेजा

**नोएडा।** सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ माफिया रवि नागर ऊर्फ रवि काना की पत्नी मधु नागर को शनिवार को गौतम बुद्ध नगर की अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मधु नागर को शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में पेश किया वहां से अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक महत्वपूर्ण मिशन के तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह अपनी वांछित कक्षा में स्थापित हो गया।

इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। इसे मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। इसरो के मुताबिक, जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है। इससे पहले 15 मिशनों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनमें से सिर्फ चार मिशन ही असफल हुए हैं।

**19 मिनट** की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा

**27.5 घंटे** की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण

**51.7 मी.** लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन



## विकास केंद्रित होगा भाजपा का चुनाव अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पूर्व पदाधिकारियों को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री बोले-370 सीट पर जीत श्यामा प्रसाद को समर्पित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान विकास, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों और दुनियाभर में बढ़े देश के कद के इर्दगिर्द केंद्रित करने का आह्वान किया और कहा कि 370 सीट पर कमल खिलाकर पार्टी इस जीत को अपने विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित करेगी। यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले हुई भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दों को उठाएगा, लेकिन पार्टी को अपने मुद्दों पर ही अडिग रहना है और तैयारियों में जी-जान से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए कम से कम 370 अधिक वोट सुनिश्चित करने चाहिए।

अगले सौ दिनों में लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने की संभावना है। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतनी हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी के लिए 370 केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक भावना है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने को लेकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भाजपा 370 सीटों पर कमल खिलाकर इसे डॉ मुखर्जी को समर्पित करेगी।



### राजग के उम्मीदवारों का चुनाव चिह्न कमल होगा

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि सभी 543 सीट पर भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने आगामी चुनाव में हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित किया है।

## कार सवार नाबालिगों ने कारोबारी को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दवा कारोबारी साइकिल से जा रहे थे बिठूर स्थित साईं मंदिर

अमृत विचार : नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया।



## किसान बोले एमएसपी पर अध्यादेश लाए केंद्र सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई।

पंधेर ने कहा कि जहां तक स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप सी2 प्लस 50 प्रतिशत की मांग है सरकार ए2 प्लस एफएल फॉर्मूले के अनुसार कीमत दे रही है और उसी फॉर्मूले के तहत अध्यादेश लाया जा सकता है। कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में बैंकों से आंकड़े एकत्र कर सकती है। यह इच्छाशक्ति की बात है। पंधेर ने कहा कि वे (केन्द्र) कह रहे हैं कि इस पर राज्यों से चर्चा करनी होगी। आप राज्यों को छोड़िए। आप केवल केन्द्र और राष्ट्रीकृत बैंकों की बात करिए और इस पर निर्णय कीजिए कि किसानों के कर्ज कैसे माफ करने हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने भी कहा कि सरकार को देश के लोगों को कुछ देने के लिए एक अध्यादेश लाना चाहिए।


पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

# पहले दिन कड़ी निगरानी में 8880 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 240 ने छोड़ी

## बायोमैट्रिक और जैमर के बीच संपन्न हुई पुलिस आरक्षी लिखित परीक्षा, सुबह से ही जुटी रही अभ्यर्थियों की भीड़, चेकिंग के बाद मिला प्रवेश


कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी (सिपाही) सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा पहले दिन शनिवार को दो पालियों में कराई गई। जिले के अलावा 50 से 70 किलोमीटर दूरी वाले अभ्यर्थी भी पीलीभीत में परीक्षा देने के लिए पहुंचे। परीक्षा को लेकर सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। जिनकी चेकिंग करने के बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। पहले दिन परीक्षा 9120 अभ्यर्थियों में से 8880 ही परीक्षा में शामिल हुए। जबकि दोनों पालियों में 240 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इधर, परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से निपटने के लिए डीएम- एसपी ने भी परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। हालांकि कहीं से भी कोई नकल की शिकायत नहीं मिली।

जिले में शनिवार को नौ परीक्षा केंद्रों पर पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा कराई गई। परीक्षा के लिए आठ केंद्र शहर में और एक बीसलपुर तहसील में बनाया गया है। जबकि शहर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी रामा इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, हाफिज रहमत खां इंटर कॉलेज, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, हाफिज रहमत खां डिग्री कॉलेज, केकेएस विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी बीसलपुर, वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज, चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज और पुष्प इंस्टीट्यूट को बनाया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक कराई गई। पहली पाली में शामिल होने वाले अभ्यर्थी सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए। परीक्षा शुरु होने से पहले अभ्यर्थियों की लाइन लगवाकर सभी की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पर्स, बेल्ट, मोबाइल आदि गैजेट्स को बाहर से रखवाया गया। प्रवेश पत्र और एक फोटो युक्त आईडी से मिलान करने के अलावा बॉयोमैट्रिक करने के बाद अभ्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। जहां ठीक दस बजे परीक्षा शुरू कराई।

पहली पाली में नौ केंद्रों पर 4560 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें 4439 उपस्थित रहे। जबकि 121 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। ठीक 12 बजे परीक्षा छोड़ी गई। परीक्षा देकर लौटे अभ्यार्थियों में कुछ के चेहरे पर मुस्कान तो कोई मायूस दिखा। दूसरी पाली तीन से पांच बजे तक चली। जिसमें भी 4560 अभ्यार्थी पंजीकृत थे। इसमें 4441 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 119 अभ्यर्थी दूसरी पाली में भी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान सचल दल और जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निगरानी करते रहे। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न होने के बाद अभ्यर्थियों को कॉपियों को सीसीटीवी कैमरे में सील करने के बाद उन्हें कोषागार में सुरक्षित रखवाया गया।


परीक्षा केंद्र के बाहर पेपर छूटने का इंतजार करते अभिभावक। ● अमृत विचार


परीक्षा केंद्र से पेपर देकर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज केंद्र पर छात्राओं की तलाशी लेती महिला पुलिस कर्मी।


शहर के परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करतीं एडीएम ऋतु पुनिया।


शहर के रामा इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस फोर्स।

**▸▸ एसपी ने भी परीक्षा का लिया जायजा, नहीं होती पाई गई नकल**

### डीएम- एसपी ने भी चेक किए परीक्षा केंद्र

व्यवस्थाओं को परखने के लिए डीएम संजय कुमार और एसपी अतुल शर्मा ने छह परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सबसे पहले डीएम-एसपी ने अवंती बाई इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान कक्ष में परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को चेक भी किया गया। साथ ही ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षकों के पास मोबाइल आदि को भी देखा। इसके बाद जीजीआईसी, चिरौंजीलाल इंटर कॉलेज, रामा इंटर कॉलेज समेत कई परीक्षा केंद्रों को चेक किया गया। हालांकि कहीं भी कोई नकल करता नहीं मिला।

> जिले में पुलिस आरक्षी की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई है। किसी भी तरह की कोई नकल नहीं हो सकी है। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया था। दोनों पालियों में 8880 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 240 ने परीक्षा छोड़ दी।
> **– विक्रम दाहिया**, एएसपी

### परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहा पुलिस बल

परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोई घटना घटित न होने पाए। इसलिए सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर कम से कम सात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। जो कि लगातार निगरानी करते रहे। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस भी मुस्तैद दिखी। रामा इंटर कॉलेज और जीजीआईसी रोड पर बैरियर लगाकर सड़क को वनवे कर दिया गया। सिर्फ अभ्यार्थियों को ही इस रूट से जाने दिया गया। परीक्षा छूटते ही शहर के टनकपुर रोड, सुनगढ़ी तिराहा, रामा कॉलेज, डिग्री कॉलेज चौराहा समेत कई स्थानों पर जाम की समस्या बनी रही। ट्रैफिक पुलिस ने जाम को खुलवाया

# करंट अफेयर्स आसान तो गणित- रीजनिंग ने ली परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** यूपी पुलिस की लिखित परीक्षा नकलविहीन कराने के लिए परीक्षा में 150 प्रश्न पूछे गए। जिनके लिए 300 अंक निर्धारित किए गए थे।इसमें प्रश्न हिंदी, सामान्य ज्ञान, गणित और रीजनिंग से संबधित आए थे। परीक्षा में 0.5 अंक की नकारात्मक मार्किंग का प्रावाधान किया गया है।

दोनों पालियों में पेपर देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि पहली बार इस तरह का प्रश्न पत्र देखने को मिला है। पेपर का यह बदला स्वरूप अच्छा रहा। हिंदी, सामान्य ज्ञान एवं करंट अफेयर्स तो आसान था, लेकिन गणित और रीजनिंग ने अभ्यर्थियों को परेशान रखा। जिसमें नंबर कम आने का डर लग रहा। अभ्यार्थियों की मानें तो इस बार पुलिस आरक्षी की लिखित परीक्षा में गणित और रीजनिंग का पेपर कठिन रहा कुछ अभ्यार्थियों के अनुसार पेपर बेहतर था। जिसे हल करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। उम्मीद है वह अच्छे अंकों से पास होंगे।

### क्या कहते हैं परीक्षार्थी



> लौकहा, पीलीभीत – पेपर ओवरआल अच्छा रहा। मगर परीक्षा के दौरान गणित और रीजनिंग में जो सवाल पूछे गए थे। वह बहुत कठिन थे। इस कुछ प्रश्नों के उत्तर गलत होने की संभावना है। अन्य हिंदी सामान्य और जीके आदि में पेपर अच्छा रहा है। – शकील, लौकहा



> पुलिस परीक्षा का पेपर तैयारी के हिसाब से आया था जिससे हल करने में ज्यादा दिक्कत नहीं आई। ओवर ऑल पेपर ठीक रहा। गणित और रीजनिंग कुछ टफ थी, लेकिन जनरल नॉलेज आसान रही।
> **– अनिलेश**, टनकपुर



> ओवर ऑल पेपर बहुत अच्छा रहा। गणित, सामान्य ज्ञान और हिंदी के प्रश्न सामान्य आए। रीजनिंग ने जरूर परेशान किया। पेपर अपने हिसाब से बेहतर किया है। अब परिणाम क्या मिलता है। इसको लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता। **– अतुल गंगवार**, बीसलपुर



> पेपर में कुल 150 प्रश्न पूछे गए थे। इसमें सामान्य हिंदी, जीके, रीजनिंग, करंट अफेयर्स आदि के प्रश्न शामिल थे, जिन्हें अपनी समझ के साथ हल किया है। रीजनिंग कठिन रही, जिससे हल करने में दिक्कत आई थी। **– सोनम**, कनाकोर


परीक्षा छूटने के बाद रामा इंटर कॉलेज रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार


शहर के अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर लगी अभ्यर्थियों की लाइन।

### छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह आज

**बीसलपुर।** शिवाजी शिक्षा निकेतन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार समेत बरेली मंडल के कई भाजपा विधायक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।विद्यालय के संस्थापक डॉ.मुरारी लाल आर्य ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी पूरन लाल गंगवार करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक कृष्ण चंद्र व ओमपाल सिंह मुख्य वक्ता हैं। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, नवाबगंज के विधायक डॉ.एमपी आर्य आदि भी होंगे।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक, बीएसए को ज्ञापन



**पीलीभीत।** शासन की ओर से टेबलेट के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं की ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षक संघ में रोष है। इस आदेश को लेकर शनिवार को यूटा के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अनीता तिवारी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री नंद किशोर के नेतृत्व में समस्त परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं बेसिक शिक्षा कार्यालय में एकत्र हुए। तीन शिक्षक संगठनों ने स्कूली शिक्षा महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन बीएसए अमित कुमार सिंह को सौंपा।बीएसए को दिए गए ज्ञापन में कहा कि परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की उपस्थित प्रेरणा पोर्टल पर टैबलेट के माध्यम से मिड डे मील रजिस्टर और छात्र उपस्थिति रजिस्टर के डिजिटाइजेशन को संसाधन उपलब्ध न होने तक हरगिज स्कूल बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति नहीं लगाएंगे । साथ ही अध्यापक उपस्थित और एमडीएम पंजिका का डिजिटाइजेशन भी नहीं करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री मोहम्मद अकरम, संघमित्रा गौतम, सैयदा, विनीता माहेश्वरी ,भारती संतवानी, सुखराम ,देवेंद्र कन्हैया ,के के रजक, नीरज पाल आदि रहे।

REQUIREMENT FOR A PLAY SCHOOL
Opening shortly at Rampur Garden, Bareilly (U.P.)
INVITES APPLICATIONS FOR
1. Principal
2. Teachers
3. Non Teaching Staff
Experience: Min. 2-3 years as Play School / Pre School / Nursery Teacher / Freshers may also send their CV with credentials within 15 Days.
Experience candidates are required to Send their CVs at following address:
Email I.D : admission@biu.edu.in Whatsapp No: +91-9799527611, +91-9105500404



REQUIREMENT FOR
TRAINERS/PROFESSIONALS FOR VOCATIONAL/HOBBY CLASSES
Opening shortly at Rampur Garden, Bareilly (U.P.)
INVITES APPLICATIONS FOR TEACHERS/TRAINERS
1. Instrument Music (Vocal/Play)
2. Dancing (Traditional/Modern)
3. Painting/Creative Writing/Calligraphy
4. Arts & Crafts
5. Drawing
Min. 2-3 years experience as Hobby Trainer/Freshers; interested candidates may send their CV with credentials within 15 Days.
Send their CVs at following address:
Email I.D : admission@biu.edu.in Whatsapp No: +91-9799527611, +91-9105500404



PM
SINCE 1988
Perfect Marble
Extn.
Wall & Floor Tiles • Sanitaryware
Wholesale & Retail



Nikhil Goyal
weber SAINT-GOBAIN
hindware italian collection
ITALAKE ABOVE YOUR IMAGINATION
REY
सौ फुटा तिराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
9258361138, 9997128529





# बेनी चौधरी मोहल्ले में पथराव, सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश, सात पकड़े

## दोनों पक्ष अलग-अलग समुदाय से, तनाव को देखते हुए पुलिस बल मौके पर तैनात, पथराव करने वालों की तलाश शुरू की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मिश्रित आबादी क्षेत्र मोहल्ला बेनी चौधरी में एक बार फिर दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद जमकर बवाल हुआ। दोनों ओर से लोग जमा हुए और फिर मारपीट के बाद पथराव हो गया। अलग-अलग समुदाय से जुड़े दो पक्षों में विवाद के बाद इसे सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गई। इसकी सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बमुश्किल मामले को शांत कराया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। एक पक्ष ने छेड़छाड़ का विरोध करने पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी, जबकि दूसरे भी हमला करने के आरोप लगाए।

घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेनी चौधरी की है। ये इलाका मिश्रित आबादी क्षेत्र होने के साथ ही पुलिस की अतिसंवेदनशील इलाकों की सूची में भी शुमार रहा है। एक पक्ष के अनुसार एक माह से मोहल्ला मोहम्मद फारुख का निवासी एक युवक सुबह-शाम कान पर फोन लगाकर घर के बाहर सिगरेट पीता है। युवतियों से छेड़छाड़ भी करता था। जिसे लेकर कई बार मना किया जा चुका है। शुक्रवार रात को भी इसे लेकर कहासुनी हुई लेकिन दोबारा शनिवार दोपहर एक बजे युवक घर के बाहर आकर सिगरेट पी रहा था। उसका जब विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारने की धमकी देना शुरू कर दी। अपने साथियों को फोन कर दिया। जिसके बाद लाठी डंडे तलवार लेकर तमाम लोग आ गए और हमला कर दिया। इसके बाद पथराव शुरू कर दिया गया। चूंकि दोनों पक्ष अलग-अलग समुदाय से थे। ऐसे में मामले को सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गई। इसके बाद दूसरी तरफ से भी लोग जमा हो गए। करीब आधे घंटे तक दोनों तरफ से पत्थर चले। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। हल्का बल प्रयोग कर पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया। झगड़ा-फसाद करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया है, ताकि दोबारा कोई विवाद न हो। दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने दोनों तरफ से सात लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें एक पक्ष से चार और दूसरे से तीन लोग शामिल हैं। उनसे भी पुलिस पूछताछ कर रही है।


पथराव करते हुए वायरल वीडियो से लिया स्क्रीन शॉट।


थाना कोतवाली पहुंचीं एक पक्ष की महिलाएं। ● अमृत विचार


कोतवाली गेट पर जमा हुई भीड़ को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

### पथराव के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बेनी चौधरी मोहल्ले में हुई पथराव घटना के वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसमें मार्ग पर भगदड़ मची दिख रही है। छतों पर लोग खड़े हैं। सड़क पर हंगामेबाज पथराव कर रहे हैं। ऐसे में वीडियो की मदद से भी पुलिस पत्थर चलाने वालों की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### पहले भी बन चुके हैं तनाव के हालात

बता दें कि मोहल्ला बेनी चौधरी में पहले भी कई बार झगड़े के बाद दोनों पक्षों के अलग-अलग समुदाय से जुड़े होने पर सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा चुका है। बीते साल नवंबर में ही लोडर से महिला को लगी टक्कर जैसे मामूली हादसे के बाद पथराव हो गया था। इससे पहले बच्चे को दुकानदार द्वारा पीटने पर भी मामले को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करते हुए हंगामा हुआ था। इसके अलावा पूर्व में त्योहारों पर भी इस तरह के झगड़े होते रहे हैं।

> अभी तक की जांच में सामने आया है कि घर के बाहर सिगरेट पीने से मना करने पर विवाद की शुरुआत हुई। जिसके बाद मारपीट और पथराव किया गया। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच चल रही है। सख्त कार्रवाई की जाएगी। माहौल पूरी तरह शांत है। एहतियातन फोर्स की तैनाती की गई है।
> **– दीपक चतुर्वेदी,** सीओ सिटी


बेनी चौधरी मोहल्ले में घटना के बाद तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**माधोटांडा।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र के एक व्यक्ति की ओर से सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें गांव के ही रिंकू, पप्पू और ममता देवी को आरोपी बनाया है। दर्ज की गई रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि चार जून 2023 को दूसरे गांव स्थित खेत में गया था। रात में वहीं पर रुक गया था। घर पर अकेली पत्नी थी। देर रात आरोपी घर में घुस आए और दुष्कर्म किया। घर पहुंचने पर घटना का पता चला। जब आरोपियों से बात की तो वह धमकी देने लगे। पुलिस से शिकायत की गई लेकिन उस वक्त कार्रवाई नहीं हो सकी थी। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**माधोटांडा।** क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री को 12 फरवरी की रात नौ बजे ग्राम नौरंगाबाद निवासी विजयपाल बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी घर पर रखे तीस हजार रुपये व जेवर भी ले गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### घर में घुसकर पिता-पुत्री को पीटा, रिपोर्ट

**माधोटांडा।** क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर बुजुर्ग की निवासी शीतल देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी मां मुन्नी देवी कुछ समय पहले अपनी मर्जी से चली गई थी। इसी से नाराज होकर पिता डालचंद मां को रखने से मना कर दिया था। तलाक का मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। मगर मामा सुरेंद्र जबरन घर पर रखने का दबाव बना रहे हैं। इसी को लेकर 15 फरवरी की शाम सात बजे आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। पिता डालचंद, बहन सोनी को जमकर पीटा। पुलिस ने मामले में सुरेंद्र, रामश्री, सुशीला, रेशमा, लीलावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बुजुर्ग की जेब से 40 हजार उड़ाए

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** नातिन के नामकरण संस्कार की तैयारियों के लिए बैंक से रुपये निकाल कर घर जा रहे बुजुर्ग से दिनदहाड़े थाना बरखेड़ा के पास वारदात हो गई। उचक्कों ने ई रिक्शा से उतरते ही धारदार चीज से पैंट की जेब काटकर 40 हजार रुपये उड़ाकर रफ्फूचक्कर हो लिए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के डंडिया भगत गांव निवासी 55 वर्षीय छत्रपाल खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी नातिन का नामकरण संस्कार 21 फरवरी को हैं। इसी की तैयारियों के लिए शनिवार सुबह कस्बा बरखेड़ा स्थित एसबीआई बैंक से 45 हजार रुपये निकाले। पांच हजार शर्ट और 40 हजार पैंट की जेब में रख लिए। इसके बाद ब्लाक तिराहे से ई रिक्शा पर सवार हुए। कुछ दूरी से ही बाइक सवार तीन में से दो लोग आकर उनके पास ई रिक्शा में बैठ गए। दोनों की हरकत पर बुजुर्ग को शक हुआ और वह थाना गेट के पास ई रिक्शा से उतर गए। इसके बाद पैंट की जेब काटकर 40 हजार रुपये उड़ा लिए। फिर तीनों बाइक पर सवार होकर भाग गए। शोर मचाया तो लोग जमा हो गए। इंस्पेक्टर बरखेड़ा मृदुल कांत शुक्ला भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ दूरी तक पुलिस भी पीलीभीत रोड पर गई लेकिन कुछ बदमाशों का पता नहीं चल सका। आरोपियों की बाइक पर कोई नंबर नहीं लिखा था। पुलिस बुजुर्ग को लेकर बैंक गई और फिर अन्य प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक की गई। मगर अभी फिलहाल कुछ खास क्लू नहीं मिल सका है।


पीड़ित से घटना की जानकारी करते इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला।

**▶▶ थाना गेट के नजदीक छिनैती, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

> बैंक से रुपये निकालकर ई-रिक्शा से घर जा रहे बुजुर्ग की जेब काटकर 40 हजार रुपये चोरी किए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। अज्ञात पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सुरागरसी को टीम लगी हुई है, जल्द खुलासा होगा।
> **– मृदुल कांत शुक्ला,** इंस्पेक्टर बरखेड़ा

# ईओ से मिले निकाले गए आउटसोर्स कर्मी नहीं हो सका समाधान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नगरपालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के बाद मामले में दूसरे दिन कर्मचारी नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने ईओ से मुलाकात कर अपना दुखड़ा सुनाया। ईओ ने भी पूरी बात सुनने के बाद कोई हल नहीं निकाल सके। इतना जरूर तर्क दिया कि अब सभी पंप ऑनलाइन सिस्टम से अटैच कर दिए गए हैं। इसलिए ठेकेदार के द्वारा उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है। उनका कहना था कि निकाले गए कर्मचारियों को किसी और फील्ड में नौकरी करने का ऑफर दिया गया। मगर कर्मचारी इस बात पर तैयार नहीं हुए। जिस वजह से समस्या का समाधान नहीं हो सका। इधर, मामला डीएम तक पहुंचने के बाद उन्होंने एडीएम एफआर को मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# 104 विद्यालय बने शत-प्रतिशत निपुण, 531 में मिली लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निपुण बनाने के लिए सरकार की ओर से योजना चलाई जा रही है। इसमें निपुण भारत मिशन का नाम दिया गया था। निपुण अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में ओएमआर शीट पर परीक्षा भी कराई गई थी लेकिन परीक्षा होने के बाद डायट की ओर से थर्ड पार्टी एसेसमेंट कराया गया था। इसमें जिले के 104 विद्यालय ही निपुण हो सके हैं। जबकि 531 विद्यालयों में छात्र-छात्राएं निपुण नहीं हो सके हैं। डायट की ओर से सिर्फ 80 फीसदी अधिक रिजल्ट पाने वालों को ही निपुण की श्रेणी में शामिल किया है। डायट की रिपोर्ट के बाद बीएसए की ओर से लापरवाही बरतने वाले स्कूलों को नोटिस जारी कर सुधार करने की चेतावनी दी है।

**▶▶ 80 फीसदी से अधिक रिजल्ट आने पर विद्यालय बने निपुण**

जिले में निपुण योजना के तहत 635 परिषदीय विद्यालयों को निपुण बनाने का लक्ष्य तय किया था। इसमें कक्षा एक, दो और तीन के छात्र-छात्राओं की बौद्धिक क्षमता का आंकलन करने के लिए डायट की ओर से दिसंबर माह में सर्वे कराया गया था। इसमें डायट के प्रशिक्षुओं से अभियान को पूरा कराया गया था। डायट की रिपोर्ट में सिर्फ 104 विद्यालय ही निपुण हो सके। जबकि 531 विद्यालयों में छात्र-छात्राएं निपुण नहीं हो सके।

बेसिक शिक्षा विभाग की जानकारी के अनुसार अमरिया ब्लॉक में कुल 79 परिषदीय स्कूलों को निपुण का थर्ड पार्टी एसेसमेंट कराया गया। इसमें मात्र 14 स्कूल ही निपुण मिले। इसके अलावा मरौरी ब्लॉक में 83 में दो स्कूल, बिलसंडा में 82 के सापेक्ष आठ, बीसलपुर में 99 के सापेक्ष 33, नगरीय में 16 में एक, पूरनपुर में 118 के स्थान पर 23, बरखेड़ा में 79 में 13 और ललौरीखेड़ा ब्लॉक मं 79 के सापेक्ष 10 स्कूल ही निपुण हो सके। यहां डायट के प्रशिक्षुओं ने ऐप के माध्यम से कक्षा एक, दो और तीन के छात्र-छात्राओं का टेस्ट लिया था। इसमें इन स्कूलों के ही बच्चे पास हो सके। डायट की रिपोर्ट आने पर लापरवाही बरतने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी किया गया है। बीएसए अमित कुमार ने बताया कि निपुण का थर्ड पार्टी एसेसमेंट डायट की ओर से कराया गया था। इसमें 531 स्कूल में छात्र-छात्राएं निपुण नहीं हो सके हैं। इसलिए प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी करते हुए अंतिम चेतावनी दी गई है।

# मंडी समिति में व्यवस्थाओं को परखा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम एवं एसपी ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी का स्थान तय करने के लिए मंडी समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी सचिव को परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेजी से शुरू हो चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा सकुशल चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इधर शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अतुल शर्मा ने मंडी समिति पहुंचकर स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी के स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण में यह देखा गया कि स्ट्रांग रूम बनाने का स्थान आयोग के मानकों के अनुरूप हैं अथवा नही। स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम एवं वीवीपैट ले जाने संबंधी वेरिकेडिंग व्यवस्था के लिए मार्ग निर्धारित करने के लिए स्ट्रांग रूम के आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान मंडी स्थल में स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को विधानसभावार भी देखा। गत लोकसभा चुनाव के दौरान बने मैप के माध्यम से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए फोर्स के रुकने का स्थान एवं अलग-अलग प्रवेश द्वारों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर एडीएम वित्त ऋतु पूनिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


मंडी परिसर में मतगणना स्थल संबंधी व्यवस्थाओं पर मंथन करते डीएम-एसपी।

**▶▶ डीएम-एसपी ने मंडी सचिव को दिए साफ-सफाई कराने के निर्देश**

# किसान महापंचायत में हिस्सा लेंगे जिले के 500 कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की पंचायत में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। लखनऊ में होने वाली किसान महापंचायत में जिले से 500 कार्यकर्ता ले जाने का निर्णय लिया गया।

शहर से सटे बरहा स्थित कैंप कार्यालय में शनिवार को जिलाध्यक्ष पातीराम कश्यप की अध्यक्षता में पंचायत हुई। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत बरहा में अन्नपूर्णा राशन की दुकान का निर्माण कराया जाना है, लेकिन अभी तक निर्माण नहीं कराया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही निर्माण नहीं कराया गया तो शासन से शिकायत कर कार्रवाई कराई जाएगी। पंचायत में छुट्टा पशुओं को पकड़वाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों को लाभ देने, गन्ना बुवाई के पर्याप्त मात्रा में खाद मुहैया कराने, चीनी मिलों द्वारा 14 दिन के भीतर गन्ने का बकाया भुगतान कराने, गोशालाओं का विस्तार करने आदि की मांग की गई।

जिला संगठन मंत्री श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि 21 फरवरी को लखनऊ में प्रदेशस्तरीय किसान महापंचायत होने वाली है। इसमें जिले से 500 कार्यकर्ता भाग लेंगे। सभी कार्यकर्ता 20 फरवरी को रेलवे जंक्शन से ट्रेन द्वारा रवाना होंगे। इस मौके पर पंचायत में मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप, वीरेंद्र पाल आर्य, कुंवरसेन, विजय बहादुर, ओमप्रकाश, रामचंद्र लाल, राजबहादुर, हरीश कुमार, शकुंतला देवी, रानी देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्नी से विवाद में खाया जहर, गंभीर

**पूरनपुर, अमृत विचार :** दो महीने से मायके में रह रही पत्नी के वापस न लौटने पर एक युवक ने खुदकुशी की कोशिश की। ससुराल से लौटने के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के गांव बंजरिया के श्रीकृष्ण पुत्र रामसनेही का पत्नी से दो माह पूर्व विवाद हो गया था। उसके बाद महिला पति और बच्चों को ससुराल में छोड़कर मायके चली गई। तब से वह मायके में ही रह रही है। कई बार श्रीकृष्ण ने उसे घर वापस लाने का प्रयास किया लेकिन महिला ने इनकार कर दिया। शनिवार को श्रीकृष्ण पत्नी को विदा कराने के लिए ससुराल गया लेकिन पत्नी ने फिर आने से मना कर दिया। लौटने के बाद गांव पहुंचे श्रीकृष्ण ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# सरकारी जमीन पर नहीं चलेगा मयखाना, हटानी पड़ेगी दुकान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** गजरौला खास में देसी शराब की दुकान पर ताला लटक गया है। जिस जगह पर मधुशाला बनी है, वो जमीन सरकारी है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि सरकारी जमीन पर शराब की दुकान नहीं चलेगी। उसे हटाना पड़ेगा। शनिवार को नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने राजस्व टीम के साथ इसका निरीक्षण किया। जांच में भूमि सरकारी निकली थी। गजरौला खास में देसी शराब की दुकान वर्षों पुरानी है। अब ये आबादी के हिस्से में आ चुकी है। आसपास धार्मिक स्थल भी हैं। नई नस्लों में शराब की बढ़ती लत से ग्रामीण चिंतित हैं। इसीलिए सरकारी भूमि पर शराब की दुकान खुली होने की शिकायत प्रशासन तक पहुंची। अधिकारियों ने संज्ञान लेकर जांच कराई तो आरोपों में दम निकला। अब प्रशासन ने सरकारी भूमि छुड़ाने की पहल शुरू कर दी है।

बताते हैं कि देसी शराब की दुकान चलाने के दौरान मानकों का भी उल्लंघन किया जा रहा था। दुकान के सामने स्पष्ट बोर्ड था न साफ-सफाई। मयखाने के आसपास बेहिसाब गंदगी के ढेर और खाली पौवे-पैक का अंबार देखकर अधिकारी भी चकरा गए। मानकों की जांच आबकारी विभाग कर सकता है।

**▶▶ युवाओं में बढ़ती शराब की लत से ग्रामीणों को सता रही थी चिंता**

> गजरौला में देसी शराब की दुकान जहां बनी है। जांच में वो भूमि सरकारी निकली है। इस संबंध में रिपोर्ट तैयार की जा रही है।
> **– अभिषेक त्रिपाठी,** नायब तहसीलदार-पूरनपुर

# कॉलेज में फर्जी नियुक्ति, छुट्टा पशु व घटतौली पर बिफरे किसान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन-अराजनैतिक की पंचायत में किसानों ने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे, गन्ना कृषक महाविद्यालय में फर्जी नियुक्तियां और चीनी मिल में घटतौली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग उठाई है। शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित पंचायत के बाद यूनियन ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को सौंपा।

पंचायत में किसानों ने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे और अवैध खनन पर चिंता जताई। जंगलों के किनारे तार फेंसिंग कराने और सिमरा तालुके महारजपुर में सीलिंग की जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की गई। सीलिंग जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए किसान नेता आंदोलन की रणनीति पर भी विचार कर रहे हैं।

एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को दिए ज्ञापन में यूनियन का आरोप है कि गन्ना कृषक महाविद्यालय, गन्ना किसानों के रुपयों से संचालित है। बच्चों की शिक्षा के लिए गन्ना कटौती कर धनराशि जुटाई जाती है। लेकिन इस कॉलेज में नियुक्तियों के नाम पर निजी स्वार्थ की पूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही गन्ना कृषक महाविद्यालय में अनाधिकृत रूप से नियुक्तियां की गईं। भाकियू ने जिला प्रशासन द्वारा कमेटी गठित कर कॉलेज की जांच कराने की मांग की है। इसके अलावा पूरनपुर सहकारी चीनी मिल के गेट और क्रय केंद्रों पर गन्ने की घटतौली का आरोप लगाया। चेतावनी दी गई कि जल्द ही यूनियन जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। किसानों ने छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात न दिलाने पर नाराजगी जताई। कहा कि पशु खेतों में फसलें चौपट कर रहे हैं।

ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव, दिनेश कुमार, नवदीप सिंह, बबली देवी, तरसेम सिंह, अनूप वर्मा, जगपाल, ओम प्रकाश, बलिस्टर, मुनीम, धर्मेंद्र, मुन्ना रूपराम आदि थे।


एसडीएम को मांग पत्र देते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**▶▶ चीनी मिल में घटतौली के भी लगाए आरोप, धरने की दी चेतावनी**

**▶▶ एसडीएम को दिया डीएम को संबोधित मांग पत्र, जांच का अनुरोध**

# नहीं मिल सका कर्मियों को बोनस

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लंबित भुगतानों के लिए नगरपालिका को शासन ने 3.79 करोड़ का बजट दिया था ताकि लांबित चल रहे भुगतान को निपटाया जा सके। मगर नगरपालिका में ऐसा नहीं हो सका। बजट पूरा खपाने के बाद भी अधिकतर कर्मचारियों का भुगतान नहीं हो सका है। वहीं, सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाला बोनस भी तीन साल से नहीं मिला है। हालांकि पालिका चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल का कहना है कि बोनस का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर बोनस आया है तो सभी को बोनस भी दिया जाएगा। नगरपालिका की नोडल अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पुनिया ने भी पूरी रिपोर्ट तलब की है। इसमें ये मांगा गया है कि शासन की ओर से दिए गए बजट से किसका भुगतान किया है। शेष बजट कितना बचा है।

# 876 वेइंग मशीन आईं, नहीं होगी मनमानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कोटेदारों की मनमानी पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जल्द ही नई तकनीक से कार्ड धारकों को राशन का वितरण किया जाएगा। जिले के सभी राशन कोटेदारों को ई-पॉस मशीन से कनेक्टेड इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन दी जाएगी। इसको लेकर 876 वेइंग मशीनों की खेप जिले में पहुंच गई है। इन्हें सभी पांच तहसीलों में रखवाया गया है। इस नई व्यवस्था से कार्डधारकों के साथ होने वाली घटतौली पर तो अंकुश लगेगा ही, साथ ही राशन देने से पहले कई कार्ड धारकों से अंगूठा लगवाने का खेल भी खत्म हो जाएगा।

जनपद में करीब तीन लाख से अधिक राशन कार्ड धारक हैं। सरकार की ओर से अभी तक ई-पॉस मशीन से कार्डधारकों का अगूंठा लगवाने के बाद राशन का वितरण किया जा रहा है। इसमें वितरण को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थी कि कोटेदार निर्धारित मात्रा से कम राशन दे रहे हैं। कहीं अंगूठा लगवाने के बाद राशन न देने के मामले सामने आ रहे थे। इधर, अब सरकार राशन कोटेदारों द्वारा किए जा रहे खेल पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। राशन कोटेदारों को ई-पॉस मशीन से कनेक्टेड इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन (इलेक्ट्रॉनिक कांटा) मुहैया कराई जाएगी। इस नई तकनीक से कार्डधारक का अंगूठा लगते ही इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन में चावल और गेंहू का वजन फीड हो जाएगा। निर्धारित मात्रा के अनुसार राशन तौलने के बाद ही मशीन का ट्रांजेक्शन पूरा होगा। इसके बाद दूसरे कार्ड धारक का अंगूठा लगवाकर राशन दिया जाएगा।

**▶▶ ई-पॉस मशीनों से कनेक्ट कर बांटा जाएगा राशन**

### कोटेदारों को मशीन चलाने को दिया जाएगा प्रशिक्षण

नई व्यवस्था को लागू करने के लिए 876 वेइंग मशीनों की खेप जिले में पहुंच चुकी है। इसमें सदर तहसील को 221, अमरिया को 116, पूरनपुर को 156, कलीनगर को 75 एवं बीसलपुर को 308 वेइंग मशीनें मुहैया कराई गई है। विभाग के मुताबिक इन मशीनों को स्टांपिंग के बाद ई-पॉस मशीनों से जोड़ा जाएगा। साथ ही जिले के सभी 876 राशन कोटेदारों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि वेइंग मशीनें आ चुकी है। जिन्हें तहसीलों में रखवाया गया है। इसके संचालन को लेकर कोटेदारों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab



डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलोजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कैलीफोर्निया)
मैक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलोजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler )
- हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
- दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
- दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
- टेढ़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
- एडवान्स एक्स-रे यनिट




Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ ग्राम प्रधान/ नगर पंचायत/चेयरमैन/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनानी



# जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश


# टनकपुर हाईवे पर हादसों में दो की मौत

## एक हादसे में कार-ई-रिक्शा और दूसरे में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, चार लोग घायल

संवाददाता, न्यूरिया/मझोला

**अमृत विचार:** टनकपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। एक में कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, जबकि दूसरे में सरिया लदी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज कार्रवाई में जुट गई है।



कार की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा निकालती पुलिस।



मझोला में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली के पास लगी भीड़।



मृतक गोरंग विश्वास

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय गौरंग विश्वास ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार दोपहर को वह रानी कॉलोनी की एक महिला को ई-रिक्शा में बैठाकर मझोला की तरफ जा रहे थे। टनकपुर हाईवे पर टांडा कॉलोनी बुझिया मजार के पास पहुंचते ही ई-रिक्शा को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा खाई में पलट गया। हादसे में गौरंग विश्वास की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला को चोट आई। चालक कार छोड़कर मौके से भाग गया। कुछ ही देर में राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी की।

उधर, दूसरा हादसा मझोला कस्बे में हुआ। सरिया लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। बताते हैं कि न्यूरिया थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती के निवासी 65 वर्षीय नत्थूलाल पुत्र चतुरी लाल शनिवार को ट्रैक्टर-ट्राली से मझोला से सरिया लेकर वापस आ रहे थे। ट्रैक्टर उनका नाती रिंकू पुत्र शेरसिंह चला रहा था। मझोला कस्बे के पास पहुंचते ही ट्राली में लदी सरिया एक तरफ हो गई। जिससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में नत्थूलाल की मौके पर मौत हो गई जबकि उनका नाती रिंकू, ट्रैक्टर पर सवार गांव न्यूरिया बरी निवासी लालाराम, भगवत सरन घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को न्यूरिया सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मोपेड और बाइक की टक्कर, एक घायल

**बरखेड़ा।** कस्बे की गोपी कॉलोनी निवासी शंकर लाल का पुत्र अजय कुमार शनिवार को बाइक से जा रहा था। कस्बा बरखेड़ा से दौलतपुर पट्टी को जाने वाले मार्ग पर भोपतपुर तिराहे के पास पहुंचते ही मोपेड से टक्कर हो गई, जिसमें वह घायल हो गए। चालक मोपेड छोड़कर भाग गया। घायल को सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

# प्रधान पति और प्रधानाध्यापक में विवाद, लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** स्कूल गेट के सामने बजरी का ढेर लगाने पर प्रधान पति और इंचार्ज प्रधानाध्यापक के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर है।

> गांव अमखेड़ा में अध्यापक और प्रधान पति दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो पाया जाएगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – मृदुल कांत शुक्ला, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

प्रधान पति शाहिद हुसैन अंसारी एडवोकेट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में आरसीसी रोड का निर्माण चल रहा है। इसके लिए बजरी का ट्रक आया था। सड़क बंद न हो। इस वजह से बजरी को खाली गजह में उतरवा दिया। कुछ बजरी स्कूल गेट के सामने उतारी गई। इसी को लेकर शिक्षक ने ट्रक चालक से गाली गलौज की। पीड़ित को मारने के लिए स्टाफ से डंडा मंगवाया और मारपीट की। छह हजार रुपये भी छीन लिए। बमुश्किल ग्रामीणों ने बचाया। उधर, शिक्षक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कंपोजिट विद्यालय अमतखेड़ा में वह इंचार्ज प्रधानाध्यापक हैं।

शनिवार सुबह जब स्कूल गए तो गेट पर बजरी डाली जा रही थी। प्रधान पति से विरोध किया तो वह भड़क गए। गाली गलौज कर मारपीट की गई। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीताराम ने बीच बचाव कराने का प्रयास किया तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव



डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


## सार-संक्षेप

### जिसकी हत्या की आशंका जताई, एक माह बाद सकुशल लौटा घर, परिजनों ने ली राहत की सांस



हाथ जोड़े परिवार के साथ भोला।

**पूरनपुर।** महीने भर पहले एक किशोर अचानक लापता हो गया। परिजनों ने एक व्यक्ति पर उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। दो दिन पहले वही किशोर सकुशल घर वापस लौट आया तो परिजन ने राहत महसूस की है। बलरामपुर चौकी क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूप सिंह निवासी बड़े सिंह का बेटा भोला 10 जनवरी को रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। उस दिन किशोर को खेतों की ओर एक व्यक्ति के घर के आसपास देखे जाने की चर्चा हुई। परिजनों ने किसान पर भोला की हत्या करने का आरोप लगाया था। स्थानीय पुलिस के अलावा सीओ और एडीजी से शिकायत में किशोर की हत्या का मुकदमा दर्ज कर किसान पर कार्रवाई की मांग की थी। दो दिन पहले भोला मध्य प्रदेश के हौशंगाबाद रोड पर घूमता हुआ मिला। इसी रोड पर लगे एक सड़क निर्माण प्लांट पर गुलड़िया भूप सिंह के दीपक सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। सोशल मीडिया पर भोला के फोटो देखकर उसके परिजनों को सूचना दी। उसके पिता मध्य प्रदेश पहुंचे और बेटे भोला को सकुशल घर वापस ले आए।

### सात झाल के इंचार्ज अध्यापक से स्पष्टीकरण तलब

**पूरनपुर।** प्राथमिक स्कूल से इंचार्ज अध्यापक सहित पूरा स्टाफ बिना बताए गायब हो गया। शिकायत मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने इंचार्ज अध्यापक से इस मामले स्पष्टीकरण मांगा है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के सात झाल प्राथमिक विद्यालय में 13 फरवरी को इंचार्ज अध्यापक अभिनय गंगवार सहायक अध्यापक और शिक्षामित्र स्कूल से नदारद रहे। जबकि पढ़ने के लिए बच्चे स्कूल में ही मौजूद थे। बिना बताए तीनों शिक्षकों के गायब होने की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह से की गई थी। इंचार्ज सहित पूरे स्टाफ के गायब होने पर शिक्षा गुणवत्ता की भी पोल खुल गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने इस लापरवाही को गंभीरता से लिया। अध्यापक बिना सूचना और अवकाश के गायब हो गए थे। उन्होंने इंचार्ज अध्यापक अभिनय गंगवार से बिना बताए स्कूल से गायब रहने पर स्पष्टीकरण मांगा है। बीईओ विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इंचार्ज अध्यापक से स्पष्टीकरण नोटिस दिया गया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इंस्पायर अवार्ड के लिए देवनारायन का चयन



**पीलीभीत।** इंस्पायर अवार्ड में बेसिक शिक्षा विभाग के उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा के छात्र देवनारायन का चयन हुआ है छात्र देवनारायन ने शिक्षक डॉ. गौरव वर्मा और पीटीआई प्रखर मिश्र के नेतृत्व में गन्ने की छिलाई को आसान विधि में तब्दील किया है। देवनारायन ने गन्ने छिलाई के लिए सुगरकेन लीफ सपेरेटर का निर्माण करने का आइडिया तैयार किया है। इससे पहले भी उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा के बच्चों का चयन हुआ है। यह तीसरा मौका, जिसमें देवनारायन का चयन हुआ है। छात्र देवनारायन के चयन के बाद परिवार और ग्रामीणों में खुशी है। इधर, बीएसए अमित कुमार सिंह ने भी चयनित छात्र और शिक्षकों को बधाई दी है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य, विजय, वीरेंद्र सिंह, नीरज शुक्ला, संघमित्रा, ममता रानी, पूजा, चमन आदि मौजूद रहे।

### दवा भंडारण में लापरवाही मिलने पर चेताया

**पूरनपुर।** औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने शनिवार को पूरनपुर और कलीनगर क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। इससे खलबली मच गई। उन्होंने कस्बे के हरिओम मेडिकल स्टोर पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दवाओं से संबंधित अभिलेख, क्रय विक्रय और दवा भंडारण आदि की जांच की गई। दवा भंडारण में लापरवाही मिलने पर चेतावनी दी गई। इसके अलावा शेरपुर कलां के आस्था मेडिकल स्टोर और माधोटांडा क्षेत्र के मथना जपती के संदीप वर्मा मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी खरीद और बिक्री में अनियमितताएं पाई गईं। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट सहायक आयुक्त बरेली को भेजी जाएगी।

### बजाज चीनी मिल ने फिर जारी किया नोटिस

**बरखेड़ा।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल को पर्याप्त मात्रा में गन्ना न मिल पाने पर नोटिस जारी करते हुए किसानों से गन्ना आपूर्ति करने को कहा गया है। चीनी मिल प्रबंधन की ओर से जारी नोटिस में कहा है कि चीनी मिल को पर्याप्त मात्रा में गन्ना नहीं मिलने के कारण प्रतिदिन मिल कम क्षमता में चल रही है। इससे मिल को काफी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। इससे प्रतीत होता है कि चीनी मिल क्षेत्र में मिल को आपूर्ति के लिए गन्ना लगभग समाप्त हो गया है। समय से गन्ने की आपूर्ति के लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। जिन कृषकों के पास जो भी आपूर्ति योग्य गन्ना अवशेष रह गया है। वह आगामी 22 फरवरी तक मिल गेट पर गन्ने की आपूर्ति अवश्य कर दें। उपरोक्त तिथि के उपरांत कृषकों का मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त होने की दशा में/ उपलब्धता के अभाव में चीनी मिल के पेराई सत्र 2023–24 के लिए अंतिम रूप से समाप्त करते हुए मिल बंद हो जाएगी।

खबरें पेज आठ पर भी...

## एक नजर

### जन्मदिन पार्टी कर रहे दो युवकों को जमकर पीटा

**लखीमपुर खीरी।** जन्मदिन की पार्टी में पहुंचे तीन युवकों ने दो युवकों की पिटाई कर दी। आरोप है कि लोहे की रॉड से हमला किया। इससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। मोहल्ला बहादुर नगर निवासी हिमांशु बरनवाल ने बताया कि दोस्त सिद्धांत ने अपने कमरे पर जन्मदिन की पार्टी दी थी, जिसमें वह अपने दोस्त सुमित वर्मा के साथ गया था। पार्टी के दौरान तीन युवक आए। तीनों नशे की हालत में थे। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। हिमांशु और सिद्धांत गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। घायल हिमांशु बरनवाल ने तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाघ ने गाय को बनाया निवाला, दहशत

**गोला गोकर्णनाथ।** महेशपुर मोहम्मदी वन रेंज के कस्बा रोशन नगर में बाघ ने एक गाय को निवाला बना लिया। जिससे क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। वन रेंज महेशपुर मोहम्मदी की देवीपुर बीट के कस्बा रोशन नगर में पिछले काफी समय से बाघ देखा जा रहा है। बाघ कई जानवरों को निवाला बना चुका है। बाघ ने शुक्रवार को खेत में निराश्रित गाय को निवाला बना लिया। किसान खेतों पर जाने से डर रहे हैं। किसानों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी लापरवाह हैं। सूचना देने के बाद भी गांव में झांकने तक नहीं आए।

### भीरा में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

**भीरा।** नगर में बंदरों का आतंक व्याप्त है। घरों की छत पर सूखते कपड़े फाड़ने, दुकानों से सामान उठा ले जाने और लोगों पर हमला कर घायल करने की घटनाएं आम हो गई हैं। नगर से सटे सेंच्युरी जंगल में इन दिनों बंदरों का झुंड है, जो नगर में आतंक फैला रहा है। ये बंदर फसलों को भी चौपट करते हैं। लोगों और किसानों ने डीएम को पत्र भेजकर बंदरों को पकड़वा कर दूर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।



पुलिस भर्ती की परीक्षा देकर जाते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



कुंवर खुशवक्त राय इंटर कॉलेज में अभ्यर्थियों की तलाशी लेता स्कूल स्टाफ।

# पहले दिन 4015 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

## कड़ी सुरक्षा के बीच 35 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा, पहले दिन 29681 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जनपद में बनाए गए 35 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन पहली और दूसरी पाली में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न हुई। सुबह 10 बजे से शुरू हुई पहली पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 16848 के सापेक्ष 14856 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1992 अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में 14825 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

2023 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। दोनों पालियों में 29681 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम सत्र में 14856 और द्वितीय सत्र में 14825 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा आदि अधिकारी सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे।

डीएम और एसपी ने डॉन बॉस्को स्कूल, अब्दुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गोमती इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। वहीं एडीएम संजय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।



शहर के एक परीक्षा केन्द्र पर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते डीएम-एसपी।



परीक्षार्थियों को जानकारी देते एआरएम मुकेश मेहरोत्रा। ● अमृत विचार

### एआरएम ने संभाली कमान, रवाना कराईं बसें

**लखीमपुर खीरी।** परीक्षार्थियों को दिक्कत न हो, इसके लिए एआरएम मुकेश मेहरोत्रा ने अधिकारियों के साथ खुद कमान संभाली। कुछ बसों को अगले चौराहे के लिए खाली रवाना किया, ताकि परीक्षार्थियों को दिक्कत न हो। वहीं रोडवेज बस अड्डे पर परीक्षा छूटने से पहले हर रूट की बसें खड़ी कराकर एक-एक परीक्षार्थी को जानकारी देते रहे। एआरएम ने बताया कि लखीमपुर डिपो के पास 88 बसें है गोला डिपो से 25 अतिरिक्त बसें मंगवाई। परीक्षा को लेकर रोडवेज बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए।

**सामान्य ज्ञान के प्रश्नों में उलझे अभ्यर्थी :** पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौटे अभ्यर्थियों के अनुसार, सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को हल करने में थोड़ा ज्यादा समय लगा। गणित के प्रश्न काफी कठिन लगे, लेकिन प्रश्नपत्र काफी सरल आया। हिंदी साहित्य और इतिहास के प्रश्न काफी आसानी से कर लिए। सामान्य ज्ञान वाले प्रश्न में पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित ऐसे सवाल पूछे गए थे, जिनका जवाब प्रैक्टिकल ही संभव था। प्रश्नपत्र में हर विषय के सवाल थे, जो काफी सरल थे। सिर्फ सामान्य ज्ञान और गणित के सवालों को हल करने में कुछ समय जरूर लगा।

### बोले अभ्यर्थी



प्रश्नपत्र काफी सरल आया। सामान्य ज्ञान के प्रश्न उलझाऊ थे, पुलिस की कार्यप्रणाली से संबंधित पूछे गए। गणित के प्रश्न भी कठिन रहे, लेकिन हिंदी साहित्य, इतिहास और विज्ञान आदि के प्रश्न आसान रहे। कुल मिलाकर प्रश्नपत्र सरल आया। **-प्रमोद यादव**



इतिहास और साहित्यिक हिंदी के प्रश्न काफी आसान रहे, लेकिन सामान्य ज्ञान और गणित के प्रश्नों ने उलझाया। इससे इनके प्रश्नों को हल करने में थोड़ा ज्यादा समय लगा। कुल मिलाकर प्रश्नपत्र आसान रहा और सभी प्रश्न हल कर दिए। **-सुगंधा कुमारी**



सामान्य ज्ञान और गणित का प्रश्नपत्र को हल करने में समय लगा। बाकी पूरा प्रश्नपत्र आसानी से हल हो गया। इतिहास के प्रश्न आसानी से हल हो गए। इस तरह प्रश्नपत्र आसान रहा। **-गोविंदा**



सामान्य ज्ञान का प्रश्नपत्र साथी कठिन बता रहे हैं, लेकिन हमने आसानी से हल कर दिया। पूरा प्रश्नपत्र सरल आया। प्रश्नों को हल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। **-शिवम**



परीक्षा की तैयारी पिछले चार महीने से कर रहा था। शेड्यूल बनाकर तीन से पांच घंटे तक सामान्य ज्ञान, गणित, इतिहास और हिंदी की तैयारी करने का प्रतिफल मिला। प्रश्नपत्र हल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। **-मुन्ना तिवारी**



प्रश्नपत्र काफी सरल आया। पुलिस की कार्यप्रणाली से संबंधित ही पूछे गए। परीक्षा की तैयारी होने के कारण प्रश्नपत्र आसान लगा और सभी प्रश्न हल कर दिए। प्रश्नपत्र काफी सरल आया। **-प्रियांशी दीक्षित**

# जिले के ही परीक्षार्थी ज्यादा इसलिए केंद्र ढूंढने में नहीं हुई कोई दिक्कत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- सीसीटीवी की निगरानी में कराई गई परीक्षा

**अमृत विचारः** आरक्षी नागरिक पुलिस की भर्ती परीक्षा पहले दिन दोनों पालियों में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। ज्यादातर लखीमपुर जिले के परीक्षार्थी होने के कारण उन्हें परीक्षा केंद्र ढूंढ़ने में भटकना नहीं पड़ा। अधिकांश परीक्षार्थियों ने अपने वाहनों से आकर नगर के कृषक समाज इंटर कालेज, पब्लिक इंटर कालेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बने परीक्षा केंद्र में परीक्षा दी। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई गई।

### बोले अभ्यर्थी



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में परीक्षा देकर बाहर निकले सुमित राज ने बताया कि प्रश्नपत्र में लगभग सभी विषयों के प्रश्न थे, जिसमें सुदृढ़ कानून व्यवस्था आदि से भी संबंधित प्रश्न पूछे गए।



कस्ता से नगर में परीक्षा देने आई बेबी पाल ने बताया कि प्रश्नपत्र में तर्कशास्त्र और भारत की कानून व्यवस्था से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिनमें से कुछ प्रश्न उन्हें कठिन लगे हैं।



लखीमपुर शहर से परीक्षा देने आए अखिलेश रावत ने बताया कि आज हुए पेपर में पुलिस की कार्यप्रणाली से जुड़े कई प्रश्न थे। जो आसान लगे। वहीं कुछ प्रश्न राष्ट्रव्यापी आतंकी अभियान के संदर्भ में भी पूछे गए हैं। उन्होंने सभी प्रश्नों का उत्तर अपने हिसाब से सही दिया है।



लखीमपुर शहर से नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने आए प्रेम राज ने बताया कि पेपर समय के हिसाब से बड़ा था, जिसको पढ़ने, समझकर हल करने में समय कब बीत गया, पता ही नहीं चल पाया।



खीरी टाउन से अपने भाई के साथ आई फिजा सिराज ने बताया कि उसका पेपर ठीक हुआ है। मैथ से संबंधित प्रश्न ज्यादा थे, जिनको हल करके उत्तर देने के लिए समय की कमी लग रही थी।



मितौली के पड़ोस गांव से परीक्षा देने आए शिवम ने बताया कि आज के प्रश्नपत्र में तार्किक प्रश्नों के अतिरिक्त जनरलनालेज, गणित के ज्यादा प्रश्न पूछे गए, साथ ही पुलिस जन सहयोगी है विषय पर भी तमाम प्रश्न शामिल रहे।

### महिला हेल्प डेस्क से मिली खूब मदद

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर महिला हेल्प डेस्क खुलवाई। जिन पर परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों की जानकारी दी जा रही है। महिला पुलिस कर्मी परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने में सहायता करती रहीं।

# करोड़ों के फ्लाईओवर की सड़क में दरारें, अधिकारियों में खलबली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर 297 करोड़ की लागत से बनाए गए तीन फ्लाईओवर में से एलआरपी चौराहा के फ्लाईओवर की सड़क में दरारें पड़ गई हैं। दरारों का वीडियो वायरल होने के बाद से पीडब्ल्यूडी/एनएच के अधिकारियों में खलबली मची है। एनएच के अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता शुभ नारायण ने मौके पर पहुंचकर दरारों का निरीक्षण किया।

13 दिन पहले 4 फरवरी को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने वर्चुअली और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने बटन दबाकर आरओबी समेत तीन फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था। सब कुछ ठीकठाक था। भारी वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से हो रही है, लेकिन इसी दौरान एलआरपी चौराहा स्थित फ्लाईओवर के एक हिस्से की सड़क में कई दरारें दिखाई पड़ने लगीं।

इसका वीडियो बनाकर किसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी और एनएच के अभियंताओं में खलबली मच गई। सूचना पर डिवीजन के अधीक्षण अभियंता मामले की जांच करने लखीमपुर पहुंचे। उनके साथ अधिशासी अभियंता शुभ नारायण भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने गहनता से सड़क में आई दरारों की जांच की और इसका निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को मरम्मत करने के निर्देश दिए। उद्घाटन के 13 दिनों बाद सड़क के चटकने से पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग गया है। अभी दरारें आईं है, जिसके बाद अन्य फ्लाईओवर राजापुर व छाउछ की गुणवत्ता को लेकर संदेह जताया जा रहा है। वहीं अधिशाषी अभियंता शुभ नारायण ने मीडिया से दूरी बना ली है। कई बार मोबाइल पर कॉल करने के बाद भी उन्होंने काल अटेंड नहीं की है, जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।



दरारों का निरीक्षण करते अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता।

- दरारें पड़ने की सूचना पर जांच करने पहुंचे अधीक्षण अभियंता
- फ्लाईओवर का 13 दिन पहले ही हुआ था उद्घाटन

### लापरवाही पर लीलापोती अभियंता बोले-एक टुकड़ा हुआ स्लिप

राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर एलआरपी चौराहा स्थित फ्लाईओवर की सड़क में पड़ी दरारों की आनन-फानन में लीपापोती करा दी गई, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी एनएच के अधिशाषी अभियंता शुभ नारायण ने मीडिया को प्रेसनोट जारी कर बताया है कि सड़क में स्लीपेज हुआ था। इससे 2.5 बाई 1.5 स्क्वायर मीटर का एक टुकड़ा स्लिप हो गया था। जिसे ठीक करा दिया गया है। मार्ग पर यातायात सुचारू रूप से संचालित है।

# पेट्रोल पंप के केबिन का शीशा तोड़ चोर उठा ले गए नगदी, कागजात

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कस्बा नीमगांव में चोरों ने थाने से महज 400 मीटर दूर एक पेट्रोल पंप के केबिन का शीशा तोड़कर 36 हजार रुपए और कुछ जरूरी कागजात चोरी कर लिये। इससे पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पेट्रोल पंप के मैनेजर रामचंद्र ने पुलिस को सूचना दी है। नीमगांव निवासी राधेश्याम का ढकिया रोड पर थाने से करीब 400 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप है। रात में देखरेख के लिए चौकीदार रहता है। थाना निकट होने के कारण पेट्रोल पंप के पास से ही पुलिस का दिन और रात आना जाना लगा रहता है। शुक्रवार की रात चौकीदार की आंख लग गई। इसी बीच चोर आए और पेट्रोल पंप के केबिन का शीशा तोड़कर 36 हजार रुपए की नगदी और कुछ कागजात चोरी कर ले गए। सुबह तब हुई, जब मैनेजर रामचंद्र सुबह पेट्रोल पंप पहुंचे तो केबिन का शीशा टूटा देखा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। एसओ श्रद्धा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# परीक्षा छूटी... ट्रैफिक व्यवस्था फेल, लगा जाम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा छूटने के बाद शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी हो गई। शहर में हर तरफ जाम लग गया। शहर के रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, गोला रोड, एलआरपी रोड और मिश्राना चौराहे पर भीषण जाम लगने से घंटों वाहन फंसे रहे। यातायात पुलिस के जवान दिनभर जाम खुलवाने में जूझते रहे। बाद में धीरे-धीरे सड़कों से भीड़ छटी तो यातायात सुचारू हुआ। उधर, रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेन के इंतजार में परीक्षार्थी बैठे नजर आए।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले में गोला, ओयल और नकहा को मिलाकर 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए, इनमें से सर्वाधिक परीक्षा केंद्र शहर में ही थे। पहली पाली की परीक्षा 12 बजे परीक्षा समाप्त हो गई तो परीक्षार्थियों का रैला उमड़ पड़ा। मिश्राना चौराहा के पास दो परीक्षा केंद्र बने होने से यहां हालात काफी खराब हो गए। शहर का मुख्य चौराहा होने के कारण बड़ी संख्या में छोटे वाहन भी फंस गए। गोला रोड पर कृष्णा टाकीज रेलवे क्रासिंग के पास कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। रेलवे स्टेशन के सामने, एलआरपी रोड, और रोडवेज बस स्टैंड जाने वाले मार्ग के हालात भी काफी खराब हो गए। सौजन्या चौराहा, गुरु गोविंद सिंह चौक पर भी वाहन फंस गए। इससे लोगों को जाम से परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक व्यवस्था बनाने और जाम खुलवाने में ट्रैफिक पुलिस कर्मी जूझते नजर आए।

**रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर रही भीड़भाड़ :** परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्रों से छूटने के बाद रोडवेज बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर एकाएक भीड़ पहुंच गई। एआरएम मुकेश मेहरोत्रा ने कमान संभाली और बसों को लेकर परीक्षार्थियों को जानकारी देते रहे। उधर रेलवे स्टेशन पर भी भारी भीड़ रही।



परीक्षा छूटने पर रेलवे स्टेशन रोड पर लगा भीषण जाम। ● अमृत विचार

- जाम खुलवाने के लिए पूरे दिन जूझती रही ट्रैफिक पुलिस
- गोला रोड, रेलवे स्टेशन, मिश्राना चौराहा में फंसे रहे वाहन



परीक्षा छूटने के बाद मिश्राना चौराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

# घर के बाहर मिला मजदूर का शव, हत्या का अंदेशा

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** निघासन क्षेत्र के गांव खैराहनी निवासी मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव शनिवार की सुबह घर के बाहर पड़ा मिला। परिजनों ने गांव के ही दो लोगों पर शराब पिलाकर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।



मृतक शिव पूजन (फाइल फोटो)।

गांव खैराहनी निवासी मुनेश लोधी ने बताया कि उनका पुत्र शिव पूजन (22) चार महीने पहले चंपावत (उत्तराखंड) मजदूरी करने गया था। वह शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे वापस घर आया था। करीब एक घंटे बाद गांव के ही पांच लोग दो बाइकों पर सवार होकर उसके घर आए। दो युवकों ने पुत्र को अपनी बाइक पर बैठा लिया और कहीं लेकर चले गए। उसके बाद रात करीब 10 बजे शिव पूजन दोनों आरोपियों के साथ गांव में ही ब्याही अपनी बहन के घर पहुंचा था। बताते हैं कि यहीं पर तीनों ने मिलकर पहले शराब पी। उसके बाद शिव पूजन का एक साथी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। कुछ देर बाद तीनों चले आए थे, लेकिन शिव पूजन घर नहीं पहुंचा। सुबह जब परिजन सोकर उठे तो देखा घर के सामने नाली के पत्थर पर उसका शव पड़ा था। शव देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों से पूछताछ की। परिजनों का कहना है कि शिव पूजन के पास काफी रुपये थे। रुपये की खातिर उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। गले पर चोटों के निशान थे। पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।



घर के बाहर मौजूद शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

- चंपावत से शुक्रवार की शाम मजदूरी कर वापस आया था युवक
- आरोप, पहले शराब पिलाई फिर गला घोंटकर मार डाला

### पुलिस ने बोलकर लिखवाई तहरीर, लगवाया अंगूठा

युवक की मौत के मामले में पुलिस रिपोर्ट लिखाने के लिए पिता मुनेश और उसके चचेरे भाई कोमल कुमार को थाने लाई। पिता मुनेश ने बताया कि उन्होंने जो तहरीर पुलिस को दी। जिसे पुलिस ने नहीं लिया। मौखिक तहरीर लिखवाई, जिसमें आकस्मिक हादसा का हवाला दिया है। जबरन अंगूठा लगवाने का आरोप लगाया। सवाल यह उठ रहा है कि अगर हत्या नहीं है तो पूछताछ के लिए चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में क्यों लिया। आकस्मिक मौत पर पूछताछ करने की पुलिस को क्या जरूरत पड़ गई।

### अवैध संबंधों में हत्या का है शक

ग्रामीणों में चर्चा है कि शिवपूजन के एक महिला से संबंध थे। इसकी जानकारी महिला के पति को हो गई थी। जिस पर पति पत्नी में विवाद भी हुआ था। मामला ठंडा पड़ जाए, इसको लेकर शिव पूजन चंपावत मजदूरी करने चला गया था। वह चार महीने बाद शुक्रवार को घर वापस आया था।

युवक के शरीर पर गहरी चोट के निशान नहीं हैं। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के कहने पर पूछताछ के लिए चार लोगो को हिरासत में लिया है। **-सुरेश कुमार मिश्रा,** प्रभारी निरीक्षक निघासन

# लखैया में कटा सागौन का पेड़, पुलिस में शिकायत



लखैया में कटे सागौन पेड़ की जड़।

**बिझौली, अमृत विचारः** दक्षिण खीरी की वन रेंज मोहम्मदी की बीट बिलहरी के गांव लखैया में हरजीत सिंह के खेत से सागौन का पेड़ काट लिया गया। लकड़ी भी ले गये। बिझौली में मुक्तिधाम के पड़ोस में हरजीत सिंह का खेत है। सुबह उसे पता चला तो उसने चोरी से पेड़ काटने की पुलिस में शिकायत की है। लोगों का दबी जुबान से यह भी कहना है कि वनकर्मियों की साठगांठ से पेड़ कटवाया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों से की है। रेंजर नरेश पाल सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है।

# दुधवा जंगल में मार्ग पर दिखा बाघ, वाहनों में लगा ब्रेक

संवाददाता पलिया कलां (खीरी)

**अमृत विचारः** धनगढ़ी (नेपाल) सहित बनगवां मंडी से शनिवार को लौट रहे लोगों ने जब दुधवा के आगे सुहेली पुल के निकट सड़क पर बाघ खड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। 20 मिनट के बाद वनराज जंगल में गए। तब जाकर लोगों ने राहत महसूस की। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

शनिवार की शाम भारत नेपाल सीमा की मंडियों से लोग घर वापस लौट रहे थे। दुधवा जंगल में पलिया-चंदन चौकी मार्ग पर बने सुहेली नदी के पुल के निकट बाघ खड़ा देखा। इसी बीच यात्रियों से भरी एक बस भी वहां पहुंच गई। पलिया से चंदन चौकी, डिगनियां, बनगवां आदि स्थानों को जा रहे दुपहिया, चौपहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई। वाहनों की लाइट और शोरगुल पर बाघ करीब 20 मिनट के बाद जंगल की झाड़ियों में चला गया।



सुहेली पुल के पास खड़ा बाघ।

- 20 मिनट तक खड़ा रहा बाघ राहगीरों के उड़े होश

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत
व
रुकावट
प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें|

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी| काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था| क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी| फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है|

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है| डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला| डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी| आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है| आज मैं फिर से जवान हो गया हूं|

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे| मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था| बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे| फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया| डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई| मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हू कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें|

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी| ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था| मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चुकी थी| फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की| जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया|

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें| डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है| दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं| डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929910

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ●खाने के बाद शौचालय जाना ●शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ●बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बच्चों को बैठने के लिए मंगाया फर्नीचर दूसरे स्कूल को बेचा अब गोलमाल आया सामने

## परिषदीय विद्यालय का फर्नीचर निजी स्कूल को बेचा



उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़ियनपुरवा में टाट पर बैठकर पढ़ाई करते बच्चे।

संवाददाता, सिंगाही

- वर्ष 2020-21 में खरीदा था बीईओ निघासन ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही

**अमृत विचारः** उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़ियनपुरवा के लिए खरीदा गया लाखों रुपये का फर्नीचर दूसरे स्कूल को बेचने का मामला सामने आया है। वर्ष 2020-21 में खरीदने के कुछ समय बाद ही इसे बेच दिया था। तीन साल बाद मामले का भंडाफोड़ हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी निघासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर तीन मोहल्ला बढ़ियन टोला में वर्ष 2020-21 में बच्चों के बैठने के लिए लाखों रुपये का फर्नीचर (डेस्क-बेंच) सरकारी धन से खरीदा गया था। उस समय विद्यालय में प्रधानाध्यापक राकेश चंद्र तैनात थे। तत्कालीन प्रधानाध्यापक ने भारी गोलमाल कर फर्नीचर को कस्बे के प्राइवेट स्कूल को बेंच दिया था। काफी समय तक मामला दबा रहा, जो दूसरे प्रधानाध्यापक आए तो उन्होंने मामले की सूचना अधिकारियों को नहीं दी। फर्नीचर के अभाव में बच्चे आज भी टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं।

ब्लॉक निघासन में किए गोलमाल की खबर अधिकारियों को भी नहीं लगी। तीन साल के दौरान कई बार खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे, लेकिन जमीन पर टाट बिछाकर बैठे बच्चों को देखकर फर्नीचर के बारे में जानने की जहमत नहीं उठाई। वर्तमान प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने बताया कि 2020-21 में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर खरीदा था। उस समय इंचार्ज राकेश चंद्र तैनात थे। उसके बाद उनका तबादला हरदोई हो गया। विद्यालय का इंचार्ज जाहिद अली को बनाया गया। उनका भी स्कूल से तबादला हो चुका है। हमारे समय में विद्यालय में फर्नीचर नहीं मिली।

### दूसरे विद्यालय में फर्नीचर मौजूद होने की मिल रही जानकारी

उच्च प्राथमिक विद्यालय से रहस्यमय ढंग से गायब हुआ फर्नीचर कस्बे के ही मोहल्ला झाला के एक प्राथमिक विद्यालय में मौजूद होने की जानकारी मिल रही है। प्राथमिक विद्यालय झाला के प्रधानाध्यापक मैनुद्दीन अंसारी ने बताया कि उच्च प्राथमिक का भवन जर्जर था। इसलिए 18 मार्च 2023 को हमने तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी से कुछ दिन के लिए आदेश लेकर बच्चों को बैठने वाला फर्नीचर अपने प्राथमिक विद्यालय झाला में रख लिया था।

> अध्यापकों से पता चला है कि बच्चों के बैठने वाला फर्नीचर किसी दूसरे विद्यालय में रखा हुआ है। अभी मैं पुलिस परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त हूं। दो दिन बाद मामले की जांच करुंगा।
> –फूलचंद, खंड शिक्षा अधिकारी

## सार-संक्षेप

### पढ़ाई में नियमितता बनाए रखने को किया प्रेरित




**पलिया कलां।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के निरीक्षण बाद मुख्य अतिथि एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम आरंभ किया। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अंकेक्षक विशाल सिंह चौहान रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों से पढ़ाई में नियमितता बनाए रखने के लिए कहा। कक्षा एकादश एवं द्वादश के विद्यार्थियों ने अभिनय गीत एवं स्वविचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर आचार्य धनुषधारी द्विवेदी, रवीन्द्र कुमार मौर्य, सौरभ शुक्ला व बीटू देवी ने अआशीर्वचन प्रदान किया।

### नारी शक्ति वंदन समारोह में महिलाओं को मिला सम्मान



**मोहम्मदी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सभापति प्राक्कलन समिति विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सरकार नारी सशक्तिकरण को लेकर उन्हें आर्थिक सहायता देकर स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रही है। ब्लॉक सभागार में हुए कार्यक्रम का सभापति प्राक्कलन समिति ने दीप प्रज्जवलित कर आरंभ किया। बीडीओ अश्विनी सिंह ने बताया कि समूह को सरकार ने न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण देकर स्वरोजगार उपलब्ध कराए हैं। महिलाओं ने छोटे-छोटे स्वरोजगार अपनाकर आय को बढ़ाया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और कैडर्स को सम्मानित किया। समारोह में बैंक सखी, महिला मेट, विद्युत सखी, बीओ बुक कीपर, सीएलएफ बुक कीपर आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### पुण्यतिथि पर याद किए कर्पूरी ठाकुर, विजेता पुरस्कृत



**गोला गोकर्णनाथ।** नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को याद किया गया। उनकी पुण्य तिथि पर भाषण प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया के मार्गदर्शन में संदीप कुमार वर्मा ने ब्लॉक कुम्भी गोला के ग्राम हैदराबाद में कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता कराई। मुख्य अतिथि सुशील वर्मा ने उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किये कार्यों पर प्रकाश डाला। हैदराबाद स्कूल में कराई गई भाषण प्रतियोगिता में जेहरा उस्मानी प्रथम, चांदनी द्वितीय और अश्वनी गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि, अध्यापक बिजेंद्र वर्मा, प्रधान और विद्यालय समिति के अध्यापकों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। मतदाता जागरूकता की पंच प्रण शपथ भी दिलाई। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संदीप कुमार वर्मा ने नेहरू युवा केंद्र और मेरा युवा भारत के बारे में युवाओं को जानकारी दी। विनय कुमार, हिमांशु वर्मा, अखिलेश कुमार, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आरिफ समेत तमाम युवा मौजूद रहे।

# गांव पसियापुर में दो समुदायों में टकराव, हंगामा

## शुक्रवार देर शाम पूजा की बरोशी लेकर गांव की परिक्रमा के दौरान हुआ विवाद, पुलिस कर रही निगरानी

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचारः** थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर क्षेत्र के ग्राम पसियापुर में तीन वर्षों के बाद गांव की पूजा में बरोसी सिर पर रखकर घुमाने को लेकर दूसरे समुदाय के लोग विरोध करने लगे। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। साम्प्रदायिक टकराव की सूचना पर मैलानी के अतिरिक्त पड़ोस के अन्य थानों का फोर्स मौके पर बुला लिया गया। देर रात दोनों पक्षों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया है। पसियापुर में पुलिस का पहरा लगा दिया है।

शुक्रवार की देर शाम पसियापुर में पूजा संपन्न होने के बाद जलती हुई आग की बरोशी को सिर पर रखकर गांव की परिक्रमा कर रहे थे। मुख्य मार्ग से होते हुए दक्षिण की ओर बरोशी लेकर लोग मुड़े ही थे कि तभी दूसरे समुदाय के लोग इधर से निकलने का विरोध करने लगे, इससे देखते ही देखते दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए और विवाद शुरू हो गया। पसियापुर के ग्रामीणों ने तत्काल सूचना चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर को दी। बिना कोई देरी किए चौकी प्रभारी दल बल के साथ गांव पहुंच गए। दोनों समुदायों से बातचीत कर मामला शांत कराया और बरोशी निकलवाकर पुनः पूजा संपन्न कराई। पसियापुर में तनाव की स्थिति को देखते हुए मैलानी प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी भी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना इंचार्ज ने उच्चाधिकारियों को मामले की दी। घटनास्थल पर भीरा कोतवाली, कुकुरा चौकी पुलिस, बांकेगंज चौकी पुलिस के साथ पीआरवी 2867 बुला ली गई। किसी तरह का कोई विवाद दोबारा न हो, इसको लेकर गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी। क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी ने दोनों पक्षों से बात की। शनिवार दोपहर गांव में चौकी प्रभारी कुकुरा कृष्ण कुमार यादव, संसारपुर चौकी आरक्षी राजकुमार गांव में मौजूद रहे। पुलिस पैनी नजर बनाए हुए हैं।


पसियापुर में इस जगह को लेकर हुआ विवाद। ● अमृत विचार


पसियापुर में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

- कई थानों का फोर्स पहुंचा, देर रात दोनों पक्षों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया

"पसियापुर गांव में रास्ते को लेकर दो पक्षों में मामूली विवाद हो गया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर माहौल को शांत कर दिया है। गांव में पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। –**पंकज त्रिपाठी**, थाना अध्यक्ष मैलानी।"

## मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए जिले के आयुष

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लखनऊ स्थित राज भवन में शनिवार को हुई प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिले के प्रगतिशील किसान आयुष अग्रवाल को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान औद्योनिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। जिला उद्यान अधिकारी बालीशरण चौधरी ने बताया कि जिला स्तर से प्रगतिशील किसान आयुष अग्रवाल का चयन कर निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण लखनऊ को भेजा गया था। उन्होंने इसके लिए डीएम संजय कुमार सिंह का आभार जताया है।



## रजागंज में पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेला 25 से होगा शुरू

संवाददाता, बिझौली


- गांव करनपुर के बाल कलाकार श्रीराम की लीलाओं का मंचन करेंगे

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक धरोहर को संजोए रजागंज का पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेला 25 फरवरी से 29 फरवरी तक होगा। मेले की खास बात यह है कि इसमें गांव करनपुर के बाल कलाकार श्रीराम की लीलाओं का मंचन करते हैं।

बताते हैं कि मेला के आयोजक बाबू गुरुशरण दास मेहरोत्रा रजागंज स्थित रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर 1919 में आसीन थे। जो गांव में बने प्राथमिक विद्यालय एवं आसपास के बच्चों को चना और गुड़ खिलाने जाया करते थे। गुरुशरण बाबू के कोई सन्तान नहीं थी इसलिए वह उदास रहते थे। एक दिन वह दोपहर के समय बाग के बीचोंबीच में जामुन के पेड़ के नीचे बैठे थे, तभी एक दिव्य महात्मा के दर्शन हुए और उन महात्मा ने उदासी का कारण पूछा तो उन्होंने महात्मा से अपने कोई सन्तान न होना बताया। महात्मा ने पेड़ से पांच कदम चल कर अपना चिमटा जमीन में गाड़ दिया और कहा कि इस जगह पर धनुष यज्ञ मेला करो, पश्चिम की तरफ एक कुआं खुदवाओ तो तुम्हे पुत्र की प्राप्ति होगी। बाबूजी ने ऐसा ही किया। जिसके कुछ समय उपरांत पुत्र की प्राप्ति हुई। तबसे 1920 से लगातार धनुष यज्ञ मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मेहरोत्रा परिवार ने बताया कि 105 वर्षों से धनुष यज्ञ महोत्सव मेले का आयोजन उनके पौत्र मनोज मेहरोत्रा, बब्बू मेहरोत्रा द्वारा किया जा रहा है। धनुष यज्ञ महोत्सव में 25 फरवरी को गणेश पूजन, बजरंग ध्वजारोहण, शंकर विवाह, नारद मोह, 26 को रामजन्म, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार, 27 को सीता जन्म, पुष्प वाटिका में राम लक्ष्मण, 28 को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद, 29 को राम विवाह, बारात और राजतिलक की झांकियां होगी।

## मेले में सीता स्वयंवर का प्रसंग दिखाया गया



**बिलहरी।** गांव बिलहरी में राम जानकी व हनुमान मंदिर पर धनुष यज्ञ मेले में शनिवार को सीता स्वयंवर का प्रसंग दिखाया गया। प्रसंग में गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम उठे और शिव धनुष की परिक्रमा कर उसे प्रणाम किया और क्षणभर में तोड़ दिया। धनुष भंग होते ही परशुराम क्रोधित होकर आए और कहा कि जिसने भी धनुष तोड़ा है वह मेरे सामने आए। इस पर लक्ष्मण और परशुराम में तीखी बहस हुई। परशुराम ने श्रीराम को अपना धनुष देकर कहा कि इस पर प्रत्यंचा चढ़ाओ। धुनष पर अपने आप ही प्रत्यंचा चढ़ गई। यह देख परशुराम श्रीराम को प्रणाम कर उनका गुणगान करते हुए चले गए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेश वर्मा, मंत्री रामसहाय वर्मा, मन्दिर पुजारी रामदास बाबा की अगुवाई में 18 फरवरी को गांव में शोभायात्रा भगवान की झांकियां, शिवा मिश्रा झांकी एवं रामलीला पार्टी द्वारा निकाली जाएगी।

## अवैध मिट्टी खनन से खराब हो रही कपरहा बांसगांव की सड़क

**बिलहरी, अमृत विचारः** अवैध रूप से की किए जा रहे मिट्टी खनन और ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों, डंपर के अनियंत्रित गति से दौड़ने के कारण कपरहा बांसगांव की सड़क टूटकर जर्जर हो गयी है, जिस पर दोपहिया वाहनों के निकलने में दिक्कतें हो रही हैं।

तहसील गोला क्षेत्र के गांव कपरहा, बांसगांव रोड पर धड़ल्ले से अवैध खनन की ओवरलोड ट्रालियां बालू भरकर तेजी के साथ फर्राटा भरते हुई निकलती हैं, जिससे कपरहा बांसगांव का संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। बांसगांव के ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र ने बताया कि गांव में पिछले दिनों इंटरलाकिंग के तहत रोड बनवाई गई थी। मिट्टी खनन भरे वाहनों के निकलने से जल्द खराब होने लगी है। ग्राम पंचायत कन्धरापुर में कुछ लोगों के संलिप्त होने के चलते आस-पास के गावों में अवैध मिट्टी के खनन का काला कारोबार हो रहा है। लोगों का कहना है कि हैदराबाद पुलिस को भी मिट्टी खनन के नाम पर मोटी रकम मिलती है, इसलिए खनन माफिया दिनदहाडे.मिट्टी खनन का कार्य करा रहे हैं। इससे राजस्व को भी क्षति हो रही है।


जर्जर कपरहा बांसगांव संपर्क रोड। ● अमृत विचार

# किसानों ने मंडी से तहसील तक निकाला मार्च


गोला में ट्रैक्टर रैली निकालते किसान नेता। ● अमृत विचार


गोला में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अमृत विचारः** पंजाब और हरियाणा के किसानों के समर्थन में किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने मंडी समिति से तहसील तक ट्रैक्टर मार्च निकालकर अपना विरोध जताया। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

शनिवार को किसान संगठन के लोग कृषि उत्पादन मंडी समिति से ट्रैक्टर मार्च निकालकर अशोक चौराहा होते हुए तहसील गेट पहुंचे। जहां पदाधिकारियों ने एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कहा है कि एमएसपी की गारंटी का राष्ट्रीय कानून बनाने, देश भर के किसानों का कर्ज माफ करने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को तत्काल लागू करने, लखीमपुर में किसानों की हत्या करने वाले दोषियों को कड़ी सजा दिलाने, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन, 60 साल आयु के बाद 10 हजार रुपए प्रति माह दिलाने, वर्ष 2020-21 में आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिजनों को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, मनरेगा में 200 दिन मजदूरी की गारंटी देने, बिजली संशोधन विधेयक 2020 रद्द करने, नकली खाद बीज कीटनाशक बेचने वाली कंपनी पर कठोर कार्रवाई करने और आदिवासियों के अधिकार सुरक्षित करने, गन्ने का बकाया मूल्य भुगतान तत्काल कराने, छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांगें उठाई हैं।

ट्रैक्टर मार्च में जिला अध्यक्ष बलकार सिंह, राना सिंह, मनदीप सिंह, गुरजंट सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, लाला, शाह मोहम्मद, आरिफ, पाल सिंह, उत्तम यादव, हरप्रीत सिंह, प्रमोद कुमार, गेंदनलाल, बिहारी, मुजीबुल खान, रमेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, राजाभैया, जरनैल सिंह, गुरविंदर सिंह काका, रेशमसिंह, गुरजीत सिंह, बापू गुरदीप सिंह, कुलवंत सिंह, जर्मन सिंह, जवाहर सिंह, रोहित यादव, धीरज यादव, रामदयाल, पंकज कुमार, रामसेवक, मनदीप सिंह, सुरेंद्र कुमार, हर्षदीप सिंह, गुरदित सिंह, सुखविंदर सिंह, हरदयाल सिंह, जितेंद्र पटेल, बांके बिहारी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# 69 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना में छात्रों की उपस्थिति शून्य

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

- बीएसए ने प्रधानाध्यापकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका
- 394 विद्यालयों में 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति, नोटिस

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना और बच्चों की उपस्थित कम से कम 70 प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए बीएसए ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में सरकार के पोर्टल सीएमआईएस की समीक्षा कर मध्यान्ह भोजन वितरण और छात्रों की उपस्थिति की सूचना शून्य (0) देने वाले 69 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। 70 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले 2283 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों समेत संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी नोटिस जारी की गई है। जनपद में कुल 3106 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें छात्रों की उपस्थिति बेहद कम है। इससे मध्यान्ह भोजन योजना के लाभार्थियों की संख्या भी कम रह रही है। सरकार ने सभी विद्यालयों में न्यूनतम 70 प्रतिशत उपस्थिति करने के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए प्रतिमाह सरकार के पोर्टल सीएमआईएस की समीक्षा कर विभाग की रैंकिंग की जा रही है। प्रदेश में खीरी की रैंकिंग न्यूनतम स्तर पर बनी हुई है, जिससे बेसिक शिक्षा विभाग को किरकिरी का सामना करना पड़ रहा है। आला अफसरों से फटकार मिल रही है। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने मातहतों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में उन्होंने जिलेभर के 69 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन व छात्रों की उपस्थिति शून्य पाए जाने पर इनके प्रधानाध्यापकों को वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। 394 विद्यालयों में 38.17 प्रतिशत से 49.14 प्रतिशत तक उपस्थिति पाई गई है, जबकि 1889 विद्यालयों में 50 से 69.90 प्रतिशत तक छात्र उपस्थिति मिली है। लिहाजा इनके प्रधानाध्यापकों को भी कड़ी चेतावनी देते हुए उपस्थिति 70 प्रतिशत या इससे अधिक करने के निर्देश दिए हैं। उपस्थिति कम रहने के कारणों के बारे में जवाब भी मांगा है। बीएसए ने सभी बीईओ को भी चेतावनी जारी की है।

### शून्य छात्र संख्या वाले कहां कितने विद्यालय

बांकेगंज ब्लॉक में सात, बेहजम ब्लॉक में पांच, बिजुआ में छह, धौरहरा में दो, ईसानगर में एक, लखीमपुर में 12, मितौली में सात, मोहम्मदी में एक, नकहा में चार, निघासन में एक, पलिया में तीन, पसगवां में 10, फूलबेहड़ में चार और रमियाबेहड़ में छह विद्यालय शून्य छात्र संख्या वाले पाए गए हैं।

## वयोवृद्ध पंडित रामेंद्र का निधन

**बिझौली, अमृत विचार :** गांव बिझौली निवासी समाजसेवी 83 वर्षीय पंडित रामेंद्र मिश्र का शनिवार सुबह निधन हो गया। इससे गांव में शोक छा गया। पं रामेंद्र मिश्र की विद्वता क्षेत्र में खासी थी। सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर बाद मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया। मुखाग्नि पुत्र लक्ष्मीकांत मिश्र ने दी। अंतिम यात्रा में गांव सहित पड़ोस गांव के लोग, रिश्तेदार, परिजन, समाजसेवी शामिल रहे। वह अपने पीछे पुत्र, पुत्रवधू, सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## राम कथा सुनने से नष्ट होते हैं पापः सुरेश अवस्थी

**मैगलगंज, अमृत विचारः** राम कथा के श्रवण पान से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। यह बात कल्लुआ मोती में चल रहे 45 वे गायत्री महायज्ञ के पांचवें दिन कथावाचक सुरेश चंद्र अवस्थी ने कही।

कथावाचक ने राजा हरिश्चंद्र की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि हरिश्चंद्र ने धर्म का पालन किया और वचनों को निभाने के लिए राजपाट छोड़ दिया। ऋषि विश्वामित्र ने राजा हरिशचंद्र के धर्म की परीक्षा लेने के लिए उनसे दान में उनका संपूर्ण राज्य मांग लिया था। मानव का सबसे बड़ा धर्म गरीब, निर्धन, असहाय लोगों की मदद करना है। यह गायत्री महायज्ञ 19 फरवरी तक चलेगा।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## एमओआईसी ने स्टाफ नर्स को दी चेतावनी

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव को लेकर आए दिन स्टाफ की शिकायतें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिकेत गंगवार से की जा रही हैं। शुक्रवार रात एक गर्भवती महिला को उसके परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गए। इसकी जानकारी जब डॉक्टर अनिकेत गंगवार को लगी तो वह तुरंत महिला वार्ड पहुंचे। उन्होंने गर्भवती महिला के निजी अस्पताल जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस लापरवाही पर नर्स मेंटर और दो स्टाफ नर्स को चेतावनी नोटिस भी दिया गया। उन्होंने सीएचसी में ही सुरक्षित प्रसव कराने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के प्रसव और सीएचसी से वापस जाने की शिकायत मिलने पर उन्होंने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
हर बुधवार सीतापुर में
निकट बस अड्डा, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, सीतापुर मो.-9919792325

## एसएसबी के शिविर में 130 पशुओं को मिला इलाज


पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं एसएसबी की पशु चिकित्सक। ● अमृत विचार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा के घने जंगल में नेपाल सीमा पर थारू ग्राम कीरतपुर में सशस्त्र सीमा बल की ओर से लगाए गए पशु चिकित्सा शिविर में द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. शालिनी परिहार ने 130 अस्वस्थ पशुओं का परीक्षण कर पशुपालकों को दवाएं दी। सुदूर जंगलों से घिरे कीरतपुर ग्राम में चिकित्सा शिविर लगाया। एसएसबी की पशु चिकित्सक डॉ. परिहार ने पशुपालकों की गाय, भैंस, कुत्ता, बकरी, सूअर, भेड़ आदि पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। पशुओं की सुरक्षा व देखभाल के उपाय भी समझाए। इस मौके पर निकटवर्ती कई अन्य ग्रामों के भी ग्रामीण अपने पशु लेकर शिविर में पहुंचे थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र सुमित को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परेशान होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार का वास्ता न होगा। टेकपाल पुत्र ताराचन्द, निवासी- ग्राम हर्रेया मजरा, क्योलड़िया, तह. नवाबगंज, जिा बरेली

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सत्यपाल व पुत्रवधु ऊषा देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। नरायन लाल पुत्र लौकीराम निवासी ग्राम कल्यापुर थाना भुता पो. फैजनगर तहसील फरीदपुर जिला बरेली।

आर्यन्स रेस्टोरेन्ट
पीलीभीत बाईपास बरेली पर तेज गति से रोटी बेलने वाले हैल्पर और झाड़ू पोंछा सफाई वाले की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार, रहना खाना फ्री।
फोन : 9027526127

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है, जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।"

मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

# पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है,लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था,यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बंगश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे,जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहारू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़ख़रू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है,पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

# चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं,जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।


एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है,उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया,परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती,परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

# शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी,लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा,पुरस्कार पाने लगा,अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं,नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था,वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है,शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी,तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

# दुनिया के महाकाव्य



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं,जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं,मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं,बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं,लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

# राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋ षिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर,ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।

अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं। लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी,जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं,जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है,वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

# जीवन का ऋण



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है,वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना,बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी,जल,अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान बीती पेशी पर दर्ज किया गया था। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में सेवानिवृत आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह का संबोधन

# पांचाल से निकाला प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- सभी धर्मों की आस्था के केंद्र फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामह नगर नाम रखने का प्रस्ताव

**अमृत विचार :** पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही। पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है।

कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है। सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र हैं।

उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी । श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं। जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कै. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह।

### अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके शैलेन्द्र प्रताप सिंह

पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश- विदेश में घूम- घूम कर शोध कर रहे हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रोपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।

## सार-संक्षेप

### अखिलेश ने किया सवाल-लोगों को मुफ्त राशन क्यों



**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया? अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

### पहली बार रामलला ने 50 मिनट तक किया विश्राम



**अयोध्या, अमृत विचार :** भव्य मंदिर में अपने आराध्य को निहारने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु का हुजूम उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब दो लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रामलला को विश्राम देने के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने दर्शन अवधि अब बदलाव किया है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को पहली बार रामलला ने 50 मिनट विश्राम किया है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच आरती भोग लगने के बाद मंदिर के गर्भगृह का कपाट बंद कर दिया गया। इस दौरान रामलला ने विश्राम किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि शनिवार का दोपहर 12 बजे की आरती के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया जाएगा। इस दौरान करीब 50 मिनट तक रामलला को विश्राम कराया गया। मंदिर का कपाट एक बजे के करीब फिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया।

### प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 दिनों में एक करोड़ का कारोबार

**अयोध्या, अमृत विचार :** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही रामनगरी के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से नए अवसर मिले हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अब तक महज 25 दिनों में यहां के व्यापारी एक करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। थोक कारोबारी अश्वनी गुप्ता ने का कहना है कि सबसे अधिक खरीदारी रामलला की तस्वीर की हो रही है। उनका कहना है कि रामलला की तस्वीर को लेकर हर दिन लगभग 1000 रुपये की तस्वीर की बिक्री हो रही है। इसके अलावा चाभी का छल्ला, स्टैन्डी, स्टिकर, बिल्ले, झंडा, टी-शर्ट, मूर्ति छपी हुई फाइबर प्लेट और अन्य सामान भी शामिल हैं।

### अभिनेता पंकज धीर ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर शनिवार यहां रामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचे हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद लिया। अभिनेता पंकज धीर ने कहा कि अयोध्या आकर अभिभूत हूं। पहली बार यहां आया हूं। जितना सोचा था, अयोध्या का वैभव उससे अधिक दिख रहा है। रामलला का आशीर्वाद लेकर मुंबई जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म की शूटिंग करने का मौका अयोध्या में मिला तो जरूर आऊंगा।

# जीबीसी-4 के लिए 37 विभागों में से 16 ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

## बेसिक शिक्षा विभाग ने सर्वाधिक लक्ष्य किया हासिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

### 16 विभागों से 4.5 लाख करोड़ का निवेश




जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4.5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

## मोहनलालगंज लोस सीट से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी



**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है। दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।

## पतियों के खिलाफ रिपोर्ट वैवाहिक संबंध में जहर घोलने के समान

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के अपराध हेतु दर्ज अलग-अलग रिपोर्ट का सामना कर रहे तीन लड़कों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए कहा कि दो व्यक्तियों के बीच के सच्चे प्रेम को कानून की कठोरता या राज्य की कार्यवाही के माध्यम से नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, भले ही वे नाबालिग हों।

कई परिस्थितियों में न्याय के तराजू पर ऐसे मामलों को तौलना कठिन हो जाता है, क्योंकि यह गणितीय परिशुद्धता या सूत्रों या प्रमेयों के आधार पर कार्य नहीं करते हैं बल्कि तराजू के एक पलड़े में कानून होता है और दूसरी तरफ बच्चों, उनके माता-पिता और परिवारीजनों का संपूर्ण जीवन, खुशी, भविष्य होता है, लेकिन कई बार किशोर जोड़ों के खिलाफ राज्य/पुलिस की कार्यवाही को उचित ठहराने में कानून को रूढ़ियों से जूझना पड़ता है। ऐसे मामलों में जहां जोड़े विवाह में प्रवेश करते हैं, वहां उनके माता-पिता द्वारा पति/लड़के के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्यवाही उनके वैवाहिक रिश्ते में जहर घोलने जैसी है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने अपहरण के आरोपियों की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए की। दरअसल कोर्ट के समक्ष तीन ऐसे याची थे, जिन पर शिकायतकर्ताओं की बेटियों को बहला-फुसलाकर शादी करने का आरोप है जबकि सभी मामलों में लड़के और लड़कियां पहले से सहमत थे और उनके बीच प्रेम संबंध था। इसके साथ लड़कियों ने भी अपने बयानों में यह स्वीकार किया है कि उन्होंने खुद ही अपना घर छोड़कर अपना जीवनसाथी चुना था।

## रामलला के समक्ष हेमा मालिनी ने दी भरत नाट्यम की प्रस्तुति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रख्यात अभिनेत्री और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को रामलला के समक्ष भरतनाट्यम की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे रागोत्सव में पहुंची हेमा मालिनी ने अपनी प्रस्तुतियों का शुभारंभ श्रीराम की स्तुति से किया।

करीब 40 मिनट की प्रस्तुति में भाव भंगिमाओं से उन्होंने भरतनाट्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरूआत श्रीराम की स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भज मन हरण भव भय दारूणम्...से की। वहीं इसके बाद रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम... की प्रस्तुति दी। अंतिम में उन्होंने भरत नाट्यम की विधा तिल्लाना की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र रही। रामलला के दरबार में प्रस्तुति देकर हेमामालिनी अभिभूत नजर आईं। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में उनके सम्मुख नृत्य सेवा करने का अवसर मिला है। यह जीवन का परम सौभाग्य है। मैं राममंदिर के हर एक सेवक का धन्यवाद करती हूं। संयोजक यतींद्र मिश्र को रागोत्सव की परिकल्पना के लिए बधाई भी दी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र की ओर से अभिनंदन किया गया।


भरतनाट्यम प्रस्तुत करतीं हेमा मालिनी।

# देश को जोड़ना ही सच्ची देशभक्ति : राहुल

एजेंसी

**वाराणसी :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार को यहां गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं। उन्होंने कहा कि भाई-भाई में टकराव से देश कमजोर होगा और देश को जोड़ना ही सच्ची देश भक्ति है।

राहुल गांधी ने कहा कि मैं गंगा जी के सामने अहंकार से नहीं आया हूं, सिर झुकाकर आया हूं। उन्होंने कहा कि देश में दो भारत हैं, एक अमीरों का और एक गरीबों का। मीडिया को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ये सारे चैनल उद्योगपतियों के हैं। ये देश के किसानों, मजदूरों के मुद्दे को नहीं दिखाएंगे। ये मीडिया मोदी जी को 24 घंटे दिखाएगा, ऐश्वर्या राय को दिखाएगा, लेकिन असल मुद्दे को नहीं दिखाएगा। इस दौरान राहुल गांधी ने भीड़ से राहुल नाम के लड़के को अपने पास बुलाकर पढ़ाई में खर्च रुपयों और बेरोजगारी के बारे में बात की। राहुल गांधी ने पूछा कि नोटबन्दी से किसी को फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि देश में दो ही मुद्दे हैं बेरोजगारी और महंगाई। प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन गोलेगड्डा क्षेत्र से प्रारंभ इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ खुली जीप में खड़े होकर काशी विश्वनाथ मंदिर गए और मंदिर के गोदौलिया क्षेत्र में भ्रमण किया। प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली जिले से शुरू हुई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वह रायबरेली में इस यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा उत्तर प्रदेश से राजस्थान की ओर रुख करेगी। यह यात्रा पूर्व में मणिपुर से शुरू हुई है और मुंबई में समाप्त होगी। 6,700 किमी लंबी यात्रा 15 राज्यों से गुजरेगी।



### राहुल के फोटाग्राफर को मिली अनुमति अंतिम क्षण में रद की

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के दौरान पार्टी के फोटोग्राफर को पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ जाने की अनुमति अंतिम क्षण में रद कर दी गई। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज सवेरे करीब 10.30 बजे राहुल गांधी ने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और अभिषेक किया। पार्टी ने दावा किया कि अंतिम क्षण में मंदिर में जाने के लिए हमारे फोटोग्राफर को मिली अनुमति निरस्त कर दी गई। पार्टी ने कहा कि साढ़े तीन घंटे तक लगातार प्रयास करने पर भी फोटो उपलब्ध नहीं कराई गई। कांग्रेस ने कहा कि फिर कुछ 7 तस्वीरें भेजी गईं, जिनमें से एक भी दर्शन करने की नहीं हैं - जबकि मंदिर के फोटोग्राफर ने फोटो खींची थीं। पार्टी ने दावा किया कि यह राजनीति और चाटुकारिता नहीं ओछापन है।

## वर्ग पहेली-346

**बाएं से दाएं**

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।

### वर्ग पहेली - 345 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | म | | 2 गे | | 3 लो |
| | | | र | | न |
| 4 अ | ति | दु | सा | ह | |
| | | | र | | |
| 5 प | रो | प | का | र | |
| पु | | | री | | 6 चा |
| 7 पी | ना | | | | रा |

## सुडोकू-63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.15 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 09.23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** - आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

**वृष** - आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

**मिथुन** - आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

**कर्क** - आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**सिंह** - आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

**कन्या** - आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

**तुला** - आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

**वृश्चिक** - आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।

**धनु** - आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर** - आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

**कुंभ** - आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

**मीन** - आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार — सुबह : 10.00
- अनाड़ी — रात : 07.00

SONY PIX
- ए मैन कॉल्ड ओटो — सुबह : 10.10
- 2012 — रात : 09.00

SONY MAX
- चक दे इंडिया — सुबह : 08.37
- तारा वर्सेज बिलाल — रात : 09.40

ZEE CINEMA
- क्यों! हो गया न — सुबह : 10.30
- फ्लाइट — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- हम तुम्हारे हैं सनम — सुबह : 11.36
- यह जवानी है दीवानी — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति- (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# सीधे ज्ञापन भेजने पर कर्मचारी को नहीं किया जा सकता बर्खास्त

## उच्चतम न्यायालय ने बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए यह टिप्पणी की। छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा-एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किए जाने की सजा दी जाए। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत में तैनात कर दिया गया था। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों को कई अभ्यावेदन देने के बाद, उन्हें जून 2003 में निलंबित कर उनके खिलाफ जांच शुरू की गई थी।

## मोदी की यात्रा से पहले जम्मू में ड्रोन, उपकरणों के परिचालन पर पाबंदी

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 फरवरी को जम्मू यात्रा से पहले शनिवार को यहां ड्रोन और अन्य हवाई उपकरणों के परिचालन पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर ड्रोन, पैराग्लाइडर और रिमोट-नियंत्रित अति छोटे विमानों के परिचालन पर अस्थायी रूप से रोक लगाई गई है। अधिकारी ने बताया कि जम्मू के जिलाधिकारी सचिन कुमार वैश्य ने संभावित सुरक्षा खतरों से संबंधित खुफिया रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत यह आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश 20 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत जिले के भीतर ड्रोन, रिमोट-नियंत्रित अति छोटे विमान के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा।



## जैसलमेर में वायुसेना ने अभ्यास में किया क्षमताओं का प्रदर्शन

**जोधपुर/नई दिल्ली।** राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब पोखरण रेंज में शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अभ्यास 'वायु शक्ति-2024' के तहत युद्ध और हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। राफेल, एसयू-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस, सी-17 और सी-130जे सहित भारतीय वायुसेना के 120 से अधिक विमानों ने ''आकाश से वज्रपात'' की टैगलाइन को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में भाग लिया। लड़ाकू विमानों ने जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना नष्ट किया। एक राफेल विमान ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से भी सफलतापूर्वक निशाना साधा।

## बिलकीस बानो मामला: दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

**अहमदाबाद।** वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।

### एक नजर

#### दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

#### गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**गुरुग्राम(हरियाणा)।** गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया



तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12 बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

## गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

### अपहरण, जबरन वसूली का मामला

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानंद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

## दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

## दरभंगा में मूर्ति विसर्जन के दौरान झड़प, 10 से अधिक घायल

दरभंगा (बिहार), एजेंसी

### लोगों में दहशत

- त्वरित संदेश भेजने संबंधी सेवाओं को निलंबित करने का आदेश जारी
- पुलिस का कहना-मामले में 40 लोग गिरफ्तार, दर्ज की गई है प्राथमिकी

बिहार में दरभंगा जिले के कुछ हिस्सों में देवी सरस्वती की मूर्ति के विसर्जन के दौरान हुई झड़पों में 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिले में दो समुदाय के बीच हुई झड़प और पथराव के चलते लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं गृह विभाग ने शनिवार को एक परिपत्र जारी कर, दरभंगा जिले में विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट के जरिए संदेश भेजने और त्वरित संदेश भेजने संबंधी सेवाओं को 19 फरवरी को दोपहर दो बजे तक निलंबित करने का निर्देश दिया।

परिपत्र में कहा गया है, ''कुछ असामाजिक तत्व लोगों के बीच वैमनस्य पैदा करने एवं अफवाहें फैलाने के मकसद से आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं।

जिला पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दरभंगा के बहेड़ा इलाके में शुक्रवार को देवी सरस्वती की मूर्ति के विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच झड़प हो गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया... इस घटना में दोनों पक्षों के लोगों को मामूली चोटें आई हैं। स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। बयान में बताया गया है कि पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है और अब तक 40 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया है कि 150 से अधिक नामजद और अज्ञात संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरभंगा के बिशनपुर और हायाघाट थाना क्षेत्रों में भी दो समुदायों के बीच मामूली झड़प हुई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को भागलपुर जिले के लोदीपुर इलाके में भी ऐसी घटना हुई थी और वहां की स्थिति को तुरंत काबू में कर लिया गया था।

## सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।


### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1365, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी नई 3970 रुपये।

# सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

## 21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।

### कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।

## एरिच ग्रुप ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

**पुणे।** एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रण, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ जमीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रैक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।

## हिमाचल बजट: सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,350-47,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,900 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

- बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखाएं हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

## पेरनोड रिकार्ड की भारत में बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्पिरिट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पेरनोड रिकार्ड की भारतीय बाजार में बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनी जुलाई से जून के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। पेरनोड रिकार्ड ने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय बाजार में उसकी मांग मजबूत रही है। इसके अलावा, भारत में दूसरी छमाही (जनवरी से 24 जून) में 'मजबूत वृद्धि' की उम्मीद है। भारत पेरनोड रिकार्ड के लिए वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कहा कि उसके अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जेम्सन, एब्सोल्यूट और द ग्लेनलिवेट ने मजबूत वृद्धि की।

## ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

### ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

- लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

